


पाक्षिक
SINCE 1998

# टेक्सटाइल वर्ल्ड

Postal Registration No : BHILWARA/208/2024-2026 Posting on 09-03-2025 at Rail Mail Service, Bhilwara
वर्ष-27 अंक-18 भीलवाड़ा/ 07 मार्च 2025 कुल पृष्ठ- 30 मूल्य : 25 रुपए 1



















## बांग्लादेश से गारमेंट निर्यात में भारी वृद्धि

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

बांग्लादेश में सत्ता पलट के बाद वहाँ से रेडीमेड गारमेंट निर्यात में गिरावट की आशंका गलत साबित हुई, क्योंकि वहाँ जुलाई से आरंभ हुए वित्त वर्ष 2024-25 के पहले 6 माह के निर्यात में भारी वृद्धि दर्ज की गई है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार बांग्लादेश से जुलाई-दिसम्बर 2024 के दौरान गारमेंट का निर्यात गत वर्ष की इसी अवधि के निर्यात की तुलना में 13.28 प्रतिशत बढ़कर लगभग 19.89 बिलियन डॉलर हो गया। जुलाई-दिसम्बर 2023 में वहाँ से 17.56 बिलियन डॉलर का निर्यात किया गया था। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में सत्ता पलट और राजनैतिक अशांति के बाद हुए हिसंक आंदोलन से यह आशंका व्यक्त की जा रही थी कि औद्योगिक गतिविधियां अस्त-व्यस्त हो जाने से वहाँ पर उत्पादन ठप्प हो सकता है, जो निर्यात को प्रभावित करेगा। जानकारों का कहना है कि विश्व बाजार में आर्थिक गतिविधियों में सुधार के कारण निर्यात में बढ़ोतरी संभव हो पाई है और लगभग प्रत्येक देश को वहाँ से रेडीमेड गारमेंट का निर्यात गत वर्ष की तुलना में अधिक किया गया है। बताया जाता है कि अमेरिकी प्रशासन द्वारा कुछ देशों से आयात पर टैरिफ लगाए जाने के बाद अनेक देशों ने दूसरे स्त्रोत की तलाश में बांग्लादेश की ओर रूख कर लिया है।

बहरहाल, रेडीमेड गारमेंट के निर्यात में सबसे अधिक बढ़ोतरी यूरोपीय समुदाय को हुई है, जहाँ के लिए निर्यात 15.22 प्रतिशत बढ़कर लगभग 9.87 बिलियन डॉलर का हो गया। वास्तव में कुल निर्यात के लगभग 50 प्रतिशत का निर्यात बांग्लादेश से केवल यूरोपीय समुदाय को ही किया गया है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार आलोच्य अवधि में जर्मनी को निर्यात 14 प्रतिशत बढ़कर 2.47 बिलियन डॉलर और फ्रांस को 10 प्रतिशत बढ़कर 1.09 बिलियन डॉलर हो गया। अमेरिका को भी आलोच्य अवधि में निर्यात 17.55 प्रतिशत बढ़कर 3.84 बिलियन डॉलर का हुआ तथा बांग्लादेश के कुल निर्यात का लगभग 19 प्रतिशत अमेरिका को किया गया। वहाँ से यूके को गारमेंट निर्यात 6.70 प्रतिशत बढ़कर 2.16 बिलियन डॉलर हो गया, जबकि कनाड़ा को 14 प्रतिशत बढ़कर 640 मिलियन डॉलर हो गया।

शेषांश पृष्ठ 6 पर...






























# पोपलीन प्रिंटेड की डिमाण्ड जबरदस्त

**ब्यावर/ अनिल डोसी**

मार्केट में ग्राहकी अच्छी चल रही है। ग्रे मार्केट में तेजी बनी हुई है। आगे होली का त्योहार आ रहा है, उसमें ओरना, साड़ी, ब्लाउज पीस, रेडीमेड, ओरना प्रिंट, प्लेन 20×20, डॉगी 50×50 प्लेन एवं प्रिंट व ड्रेस मटीरियल, कॉटन ओरना क्वालिटियों की ज्यादा ही डिमाण्ड बनी हुई है। पेमेंट की आवक ठीक है। कुचेरा, बीकानेर, जोधपुर के कॉटन ओरना क्वालिटियां प्लेन व प्रिंटेड बहुत ही भारी मात्रा में आ रहे हैं। धोती जोड़ा सूटिंग-शर्टिंग की मांग भी अच्छी है। पोपलीन, वुली प्लेन व प्रिंटेड की मांग अच्छी है।

# हथकरघा से उच्च तकनीक तक इचलकरंजी की स्वचालन की यात्रा

**इचलकरंजी/ सीताराम काबरा**

जब वर्ष 1904 में इचलकरंजी में पहली पावरलूम का संचालन शुरू हुआ, तो कोई भी यह अनुमान नहीं लगा सकता था कि महाराष्ट्र का यह छोटा कपड़ा शहर एक स्वचालन बिजली घर के रूप में विकसित होगा। आज महाराष्ट्र के इस छोटे से मैनचेस्टर में हथकरघा और पावरलूम अत्याधुनिक शटल-रहित करघों का स्थान ले रहे हैं, जो प्रौद्योगिकी और परिशुद्धता से प्रेरित भविष्य बुन रहे हैं। यह बदलाव नई दिल्ली में आयोजित भारत टेक्स 2025 में पूर्ण रूप से प्रदर्शित हुआ, जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इचलकरंजी मंडप में कदम रखा, तो उनकी मुलाकात पुनः आविष्कार की एक कहानी से हुई।

**कहानी-** शहर का कपड़ा पारिस्थितिकी तंत्र नाटकीय रूप से बदल गया है। 15,000 से अधिक पूरी तरह से स्वचालित शटल-रहित करघे अब न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप के साथ उच्च गुणवत्ता वाले कपड़े का उत्पादन कर रहे हैं। लगभग 1,000 ऑटोलूम और 80,000 मैन्युअल रूप से संचालित पावरलूम के अलावा ये अत्याधुनिक मशीनें प्रतिदिन आश्चर्यजनक रूप से 1.5 करोड़ मीटर कपड़ा बनाने में मदद करती हैं, जिसका मूल्य लगभग 50 करोड़ रू है। सूती और रंगे धागों से लेकर उत्तम डॉबी, जैकॉर्ड और गैर-बुने हुए कपड़ों तक इचलकरंजी के निर्माता एक विस्तृत श्रृंखला बुनते हैं।

**पारिस्थितिकी तंत्र-** इचलकरंजी सिर्फ एक कपड़ा शहर ही नहीं है, अपितु यह एक आत्मनिर्भर औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र है। प्रशिक्षण संस्थान श्रमिकों को नवीनतम कौशल से लेस करते हैं एवं विशेष यांत्रिकी यह सुनिश्चित करते हैं कि करघे सुचारू रूप से चलें और व्यापारियों का एक विशाल नेटवर्क उद्योग की निरंतर गति को स्थापित करता है। भगवती टेक्सटाइल्स के बसंत मंत्री और बांगड़ समूह के श्री सुनील बांगड़ कहते हैं कि कपड़ा खिलाड़ियों की युवा पीढ़ी में दक्षता और गुणवत्ता में सुधार के लिए तकनीक और स्वचालन की शुरूआत कर रहे हैं। इचलकरंजी शटललेस फैब्रिक्स मैन्युफेक्चरर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री अनिल गोयल कहते हैं कि 'यहाँ प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष निवेश लगभग 75,000 करोड़ रूपए का है।'

**अनुपलब्ध लिंक-** ऑल इंडिया के प्रमुख कपड़ा ब्राण्ड चुपचाप अपने कपड़े के लिए इचलकरंजी पर निर्भर हैं, फिर भी यह शहर एक गुमनाम नायक बना हुआ है। उद्योगपति श्री रविशंकर पंचलोरिया बताते है कि 'हमारे पास विश्व स्तरीय तैयार कपड़ा बनाने और अपने खुद के ब्राण्ड स्थापित करने की क्षमता है, लेकिन एक सामान्य अपशिष्ट उपचार संयंत्र और शून्य तरल निर्वहन सुविधा स्थापित करने की लागत बहुत अधिक है।' इसलिए शहर कच्चे कपड़े का निर्यात करने के लिए मजबूर है, जिससे दूसरों को इसके उत्पादन का लाभ मिल सके। हालांकि, परिवर्तन क्षितिज पर है और भारत टेक्स 2025 में इचलकरंजी के मंडप में पीएम मोदी की यात्रा ने क्लस्टर की क्षमता, नए निवेश को आकर्षित करने एवं इसको एक वैश्विक ब्राण्ड बनने की उम्मीद पर प्रकाश डाला है।




Follow us
textileworld.tw
Brand Promotion & Textile News







## समाचार पत्र विवरण फार्म 4 (नियम8)

| | |
|---|---|
| 1. समाचार-पत्र का नाम | : टेक्सटाइल वर्ल्ड |
| 2. प्रकाशन का स्थान | : सी-127 आर.के.कॉलोनी, भीलवाड़ा(राजस्थान) |
| 3.प्रकाशन अवधि | : पाक्षिक |
| 4.मुद्रक का नाम | : योगेन्द्र शर्मा |
| राष्ट्रीयता | : भारतीय |
| पता | : सी-127 आर.के.कॉलोनी, भीलवाड़ा(राजस्थान) |
| 5.प्रकाशक का नाम | : योगेन्द्र शर्मा |
| राष्ट्रीयता | : भारतीय |
| पता | : सी-127 आर.के.कॉलोनी, भीलावड़ा (राजस्थान) |
| 6.सम्पादक का नाम | : योगेन्द्र शर्मा |
| राष्ट्रीयता | : भारतीय |
| पता | : सी-127,आर.के.कॉलोनी, भीलवाड़ा(राजस्थान) |
| 7.उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हैं तथा जो समस्त पूंजी के 1 प्रतिशत से अधिक के हिस्सेदार हो। | : एस एस एस मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि.<br>: योगेन्द्र शर्मा<br>: अर्पिता दाधीच<br>: सी-127,आर.के.कॉलोनी, भीलवाड़ा (राजस्थान) |

मैं योगेन्द्र शर्मा एतद् द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिया गया विवरण सत्य है।

स्थानः भीलवाड़ा — योगेन्द्र शर्मा

दिनांकः 28 फरवरी 2025 — प्रकाशक















# 100 वर्ष का इतिहास होने वाले विटा में साढ़े चार हजार पावरलूम की बिक्री

**कोल्हापुर/ राहुल खाड़े**...100 साल की परंपरा होने वाले सांगली शहर के विटा तहसील में पावरलूम व्यवसाय आखरी साँसे गिन रहा है। वस्त्रोद्योग को लेकर केंद्र और राज्य सरकारों की अनिश्चित नीति, हमेशा होने वाले आर्थिक नुकसान के चलते विटा शहर के साढ़े चार हजार पावरलूमों की बिक्री हुई है, वहीं तीन से साढ़े तीन हजार पावरलूमधारक समस्या का सामने करते हुए चल रहे हैं, लेकिन उनको भी कुशल कामगारों की कमी का सामना कर पड़ रहा है। पावरलूम पर उत्पादित होने वाले कपड़े को उत्पादन खर्च से अच्छी दर नहीं मिलने के कारण पावरलूमधारकों का नुकसान हो रहा है। विटा पावरलूम संघ के अध्यक्ष किरण तारलेकर ने बताया कि अगस्त और सितंबर 2021 में विटा के पावरलूमधारकों ने लाखों रूपए के पावरलूम सिर्फ 25 रूपए किलो दर से बिक्री हुई। कई सालों से पावरलूम व्यवसाय घाटे में चल रहा है। केंद्र सरकार की कपास खरीददारी में अनिश्चित नीति, कपास से तैयार होने वाला सूत और सूत से तैयार होने वाला कपड़ा अंतरराष्ट्रीय बाजार की दर से महँगा होने से निर्यात कम हुआ है। देश के बाजार पेठ में मांग से ज्यादा होने के चलते स्पर्धा के कारण दर कम हो रहे हैं, जिससे नुकसान हो रहा है। साथ ही अन्य राज्यों की तुलना में महाराष्ट्र में बिजली की दर ज्यादा होने से उत्पादन खर्चे में बढ़ोतरी हो रही है। राज्य शासन के सहकारी, निजी, प्रादेशिक ऐसे भेदभाव से पैदा हुई स्पर्धा एवं हमेशा होने वाला आर्थिक नुकसान के चलते विकेंद्रित होने से पावरलूम व्यवसाय बंद होने की कगार पर है। कई पावरलूमधारकों ने अपना यह व्यवसाय बंद कर अन्य व्यवसाय शुरू किया है, तो कई इस पर निर्भर होने वाले कामगारों ने रोजी रोटी के लिए दूसरा काम करना शुरू किया है। रोजगार के साथ शासन को राहत देने वाला यह व्यवसाय दिनो-दिन आर्थिक नुकसान का सामना करते हुए चल रहा है। इसका आधुनिकीकरण करना जरूरी है, लेकिन इसके लिए किए जाने वाला निवेश भी बड़ा होने से छोटा पावरलूमधारक इससे एक ओर पड़ रहा है, तो वहीं दूसरी ओर बड़े पावरलूमधारकों के हाथों में यह व्यवसाय जा रहा है।







सियाराम सिल्क मिल्स लिमिटेड की तरफ से आदरणीय श्री गुलशन अरोड़ा जी (गुल्लूजी) को प्रेमपूर्वक श्रद्धांजलि।

गुल्लूजी ने सम्पूर्ण उत्तरभारत में कपड़ा उद्योग को शीर्ष तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। वे एक जिन्दादिल इंसान, एक समर्पित व्यवसायी, रिटेलरों के मसीहा, सभी को साथ लेकर चलने की भावना से सराबोर होने के साथ ही बेहतरीन सेल्समैन और व्यवसाय को एवरेस्ट की चोटी की तरह ऊंचाईयों तक पहुंचाने के लिए जुनूनी थे।

सियाराम्स् को सम्पूर्ण उत्तर भारत में नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही, उनके इस योगदान को सियाराम्स् हमेशा सम्मानपूर्वक याद रखेगा।

श्री गुल्लू जी का व्यक्तित्व हमारे लिए हमेशा प्रेरणा स्वरूप रहेगा, आपकी शख्सियत हमेशा हमारे दिलों में जीवित रहेगी।

श्री गुल्लू जी की पवित्र आत्मा को ईश्वर अपने श्रीचरणों में उच्चस्थान प्रदान करें, यही हमारी प्रार्थना है।

शत् शत् नमन
सियाराम परिवार

Siyaram's

## || सम्मानपूर्वक श्रद्धांजलि ||



श्री गुलशन अरोड़ा जी (गुल्लू जी)

(18-09-1958 – 22-02-2025)


MONTI LINEN®
LEGACY OF EXCELLENCE
TESSITURA MONTI INDIA PVT. LTD.
Factory & Registered Office :
Gat No. 147, Village Tamgaon, Post - Sangavde, Tal. Karveer,
Kolhapur - Hupari Road, Dist. Kolhapur - 416202. Maharastra.
INDIA. Tel. No : +91 231 2682900 Email : info@monti.co.in
Corporate Office :
77, Jodh Towers, 4th Floor, Lalbagh Road, Bengaluru - 560027,
INDIA. Tel. No : +91 80 40500288
Email : office@monti.co.in Website : www.monti.co.in
@TESSITURAMONTI.INDIA
Auth. Distributors : Maharashtra & Gujarat - M/s Yuana Fashion, Mumbai - Mr. Sachin -9820041644
TamilNadu - M/s Bajarang Clothing, Chennai - Mr. Rajnish - 9925960001
Karnataka & Kerala - M/s Vogue Vastra, Bangalore - Mr. Vicky -9886393460
Tessitura Monti India Pvt. Ltd.
BORN IN ITALY 1911
European Flax.
Premium linen fibre


PICASSO
by BAIRD Cotton
Picasso presents
fine digital prints in
SUPER LUXURY COTTON
For Agent/Dealer enquiries, reach us at: Call: +91 9340605633 | Whatsapp: +91 9992514747 | Write to: helloburgoyne@bairdlinen.com
AVAILABLE AT ALL LEADING RETAIL OUTLETS | Follow us on /@bairdcottonofficial | /@bairdcotton_official | www.bairdcotton.com
Burgoyne & BAIRD Cotton are registered trademarks of WFB BAIRD & COMPANY (INDIA) PVT. LTD.
HOUSE OF BURGOYNE IRELAND
ESTD. 1912

# उद्योग व्यापार मंडल समन्वय समिति की बैठक संपन्न

**मुजफ्फरनगर/ अजय कुमार सिंघल...** उत्तरप्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, मुजफ्फरनगर की समन्वय समिति की बैठक आशीर्वाद बैंक्विट हॉल पर संपन्न हुई। बैठक में 23 मार्च 2025 को आयोजित होने वाले प्रदेश कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण एवं व्यापारी महासम्मेलन में लखनऊ जाने वाले पदाधिकारियों के नाम लिखे गए। इस बैठक में भारत के महामहिम पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद, भारत सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं उत्तरप्रदेश के कई गणमान्य उपस्थित रहेंगे। बैठक में बताया गया कि स्वेच्छा से व्यापारियों द्वारा अपना प्रतिष्ठान खोलने के लिए श्रम विभाग में डेढ़ गुनी फीस जमा करने का प्रावधान है, जिसे व्यापारी ऑनलाइन जमा कर सकता है।



जिलाधिकारी महोदय को बताया गया कि या तो यह कानून वापस कराए या व्यापारियों की जो फीस जमा है वह श्रम विभाग से वापस कराए। सप्ताह के सातों दिन प्रतिष्ठान खोलने के लिए जिन व्यापारियों की फीस जमा है, उन्हें चिन्हित किया जाए तथा अधिकारियों द्वारा व्यापारियों को परेशान ना किया जाए। जब शॉपिंग मॉल सातों दिन खुलते हैं, तभी से यह प्रावधान है। साथ ही खाने-पीने वाली वस्तुओं एवं मेडिकल स्टोर्स आदि को तो छूट है ही।

बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष श्री अजय कुमार सिंघल ने तथा संचालन जिला महामंत्री श्री श्याम सिंह सैनी ने किया। बैठक में श्री अशोक कंसल जिला अध्यक्ष/पूर्व विधायक, श्री दिनेश बंसल, श्री प्रशांत, श्री अनिल तायल, श्री राकेश गर्ग, श्री सुलखान सिंह नामधारी, श्री बाबूराम मलिक, श्री अभिजीत सिंह, श्री अमित मित्तल, श्री रामपाल सिंह सेन, श्री पंकज शर्मा, श्री पंकज उपवेजा, श्री सचिन मल्होत्रा आदि की उपस्थिति रहीं।




## आगामी सीजन की तैयारियों में जुटे व्यापारी

बरेली/ राजीव अरोड़ा...गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी फरवरी माह से काम चलने की पूरी संभावना थी, किंतु व्यापारियों को निराशा हुई। पहले फरवरी-जून तक ब्लाउज मटीरियल की बिक्री अच्छी होती थी, किंतु इस वर्ष बिक्री में काफी कमी आई है। कटरा यार्न मार्केट में सर्वे किया तो पता चला कि 30 से 40 प्रतिशत तक ही बिक्री हुई और मार्केट में बढ़िया माल की बिक्री नहीं हुई। चिराग कॉटन जो कि ब्लाउज बॉर्डर में एक जाना पहचाना नाम है। इसकी डिमाण्ड ठीकठाक है। व्यापारी ब्राण्ड से ही माल लेता है। प्लेन रूबिया में पन्ना टेक्सटाइल का अपना यथावत् स्थान है, जिसे आज भी ग्राहक इस माल को नाम से बेचता है। अंगोछा जो कि अभी तक इरोड़ का नाम पहले लिया जाता था, परंतु अब टांड़ा में निर्मित माल ही मार्केट में बिक रहा है। कारण, इरोड़ से टांड़ा का माल सस्ता होता है।

होली में मर्दानी धोती की डिमाण्ड अपेक्षाकृत कम होती जा रही है एवं सस्ती रेंज ही बिक रही है। पट्टा तो मार्केट से गायब ही हो गया है और बहुत कम दुकानदार है जो आज भी पट्टा बेच रहे हैं।











# सम्पादकीय....

## ऑनलाइन फ्रॉड पर नकेल आवश्यक

## सरकार को भी होना होगा गंभीर

**प्रश्न** यह है कि क्या ऑनलाइन अभद्रता से मुंह मोड़ लेने से सब कुछ सही हो जाएगा? यदि देश में कुछ गंभीर समस्याएं हैं तो इसका यह मतलब नहीं हो सकता कि ऑनलाइन फूहड़ता को बेरोक-टोक चलने दिया जाए। स्पष्ट है कि सरकार को यह देखना ही होगा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बहाने ऑनलाइन फूहड़ता अनियंत्रित न होने पाए। एक यूट्यूब चैनल पर अभद्र-अश्लील टिप्पणी से उपजे मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जिस तरह एक बार फिर सरकार से ऑनलाइन सामग्री के नियमन के उपाय करने को कहा, उससे यह पता चलता है कि वह इसे लेकर गंभीर है। इसका परिचय इससे मिलता है कि उसने इसका मसौदा बनाने और उसके लिए संबंधित पक्षों एवं आम लोगों से सुझाव लेने को भी कहा।

इसके बाद सरकार का इस दिशा में सक्रिय होना स्वाभाविक है, लेकिन यह आसान काम नहीं, क्योंकि इसे लेकर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में हस्तक्षेप की आवाज उठ सकती है। सच तो यह है कि वह उठने भी लगी है। खुद को सोशल मीडिया कहने वाले इंटरनेट प्लेटफॉर्म मुक्त विचारों के मंच के तौर पर जाने जाते हैं। ये प्लेटफॉर्म लोगों को कुछ भी कहने की अनुमति देते हैं, लेकिन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता असीम नहीं। इसकी अपनी कुछ सीमाएं हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर फूहड़ता, नग्नता और नफरत फैलाने की इजाजत नहीं दी जा सकती। दुर्भाग्य से कुछ लोग यह समझ बैठे हैं कि उन्हें ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर कुछ भी कहने की छूट मिली हुई है।

इनमें प्रमुख हैं -कॉमेडियन और इन्फ्लुएंसर्स। ये खुलकर गालियों का तो इस्तेमाल करते ही हैं, शालीनता और नैतिकता की भी धज्जियां उड़ाते हैं। चूंकि इस सबसे उन्हें प्रचार और पैसा मिलता है, इसलिए वे और अधिक बेलगाम हो जाते हैं। इसी का नतीजा है कि अश्लील ऑनलाइन सामग्री बढ़ती जा रही है। इसका ही उदाहरण इंडियाज गॉट लेटेंट नामक यूट्यूब कार्यक्रम पर देखने को मिला, इससे लोगों का आक्रोशित होना स्वाभाविक था। इसे लेकर पुलिस ने भी अपने स्तर पर कार्रवाई शुरू की। इस पर ऐसे तर्कों के आधार पर आपत्तियां उठीं कि क्या अभद्र टिप्पणी करने वालों को जेल में डाल देने से देश की सभी समस्याओं का समाधान हो जाएगा?

इसके लिए उसे प्रभावी दिशा-निर्देश बनाने और उनके पालन के उपाय करने के साथ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का संचालन करने वाली कम्पनियों को भी जवाबदेह बनाना होगा। वे यह कहकर कर्तव्य की इतिश्री नहीं कर सकतीं कि वे तो माध्यम भर हैं। इन कम्पनियों को यह संदेश देना ही होगा कि उनका काम पोस्टमैन सरीखा नहीं है। जब यह स्पष्ट है कि वे अपनी जिम्मेदारी से मुँह मोड़ रही हैं, तब सरकार के साथ समाज को भी चेतना होगा, क्योंकि आखिर ये आम लोग ही हैं, जो अश्लील सामग्री देखते, सुनते और पसंद करते हैं।

# कुछ नया, कुछ अलग •

## भारत में टेक्सटाइल व्यवसाय का भविष्य



श्री हरेश मेहता
प्रेसीडेन्ट-यश कॉटन कॉरपोरेशन
(प्रसिद्ध मार्केटिंग गुरु)

भारत का टेक्सटाइल उद्योग हमारे देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देता है। भारत का कपड़ा सिर्फ घरेलू बाजार में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी निर्यात होता है। सूती, रेशम, ऊन और सिंथेटिक कपड़ों में भारत का उत्पादन दुनिया में शीर्ष स्थान पर है। हालांकि, कपड़ा व्यापार से जुड़े सभी छोटे-बड़े व्यापारी इस बात से चिंतित हैं कि बदलते समय में टेक्सटाइल व्यवसाय का भविष्य क्या होगा, क्योंकि बाजार में दिन-प्रतिदिन प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। इसके अलावा ऑनलाइन शॉपिंग का बढ़ता चलन भी कपड़ा रिटेल व्यापारियों के लिए एक नई चुनौती बन चुका है। वैश्वीकरण के इस दौर में पारंपरिक टेक्सटाइल व्यवसाय विदेशी कम्पनियों से भी तीव्र प्रतिस्पर्धा का सामना कर रहा है। ऐसे में यह स्वाभाविक है कि हर व्यापारी अपने व्यवसाय के भविष्य को लेकर चिंतित हो।

मेरा मानना है कि अगर व्यापारी कपड़ों के व्यवसाय में समय-समय पर कोई नवीनता या सर्जनात्मक परिवर्तन नहीं लाते, तो इस प्रतिस्पर्धात्मक दौर में उनका व्यवसाय लंबे समय तक चल पाना मुश्किल हो जाएगा। आज के समय में ग्राहकों के पास विकल्पों की कोई कमी नहीं है। यदि आप वहीं पुराने, रूढ़िवादी तरीकों और व्यापारिक मापदंडों से अपने व्यवसाय को चलाने की कोशिश करेंगे, तो आपके व्यापार का भविष्य निश्चित रूप से धुंधला दिखाई देगा। आपको हर वक्त कुछ न कुछ नया परोसना होगा, ताकि ग्राहकों की रूचि बनी रहे। यदि व्यापारी ग्राहकों की बदलती जरूरतों के अनुसार अपने व्यवसाय में बदलाव नहीं करता, तो वह बाजार में पिछड़ सकता है। मुझे लगता है कि भविष्य में कपड़ों की रिटेल दुकानों पर ऐसा कपड़ा बिकेगा, जिसे ग्राहकों की पसंद एवं आवश्यकतानुसार डिजाइन और टेलरिंग किया जा सकता हो। ग्राहक अपनी पसंद का कपड़ा चुन सकेंगे और रिटेलर उन्हें उनकी पसंद के अनुसार डिजाइन और टेलरिंग करके देंगे। आज की पीढ़ी व्यक्तिगत अनुभव चाहती है। ऐसे में यह मॉडल ग्राहकों को उनकी पसंद और जरूरतों के अनुसार कपड़े चुनने और कस्टमाइज करने का मौका देगा।

मौजूदा पीढ़ी चौबीस घंटे टेक्नोलॉजी से जुड़ी होने के कारण टेक्सटाइल व्यापारियों को भी अपने व्यवसाय में नई टेक्नोलॉजी का अधिक से अधिक उपयोग करना होगा। ग्राहक भविष्य में रिटेल शॉप पर जाने के बजाय एक मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए विभिन्न डिजाइनों और पैटर्न चुनने को ज्यादा प्राथमिकता देंगे। जब व्यापारी ग्राहकों को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार सेवा प्रदान करेंगे, तो इससे उनके ब्राण्ड की वफादारी भी बढ़ेगी। टेक्सटाइल व्यापारी इस मॉडल की मदद से बड़े-बड़े ई-कॉमर्स बिजनेस को चुनौती दे सकेंगे।

ई-कॉमर्स या ऑनलाइन कहे जाने वाले बिजनेस में मुझे व्यक्तिगत संबंधों की साफ कमी नजर आ रही है। ऑनलाइन व्यवसाय में कम्पनियाँ ग्राहकों के साथ व्यक्तिगत संबंध स्थापित नहीं कर पाती, जबकि एक व्यापारी के पास अपने ग्राहक के साथ व्यक्तिगत रूप से संपर्क बनाने का और स्थायी संबंध बनाए रखने का अवसर होता है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म सुविधाजनक जरूर है, लेकिन व्यक्तिगत संबंध स्थापित करने में उतने प्रभावी नहीं होते, जितना कि पारंपरिक व्यवसाय कर सकते हैं। पारंपरिक कपड़ा व्यवसाय में एक व्यापारी ग्राहक की पसंद, नापसंद, जरूरतों और व्यवहार को बेहतर तरीके से समझ पाता है। जिससे वह ग्राहकों की अपेक्षाओं और जरूरतों के अनुसार सेवाएँ प्रदान कर सकता है। इसके विपरीत, ऑनलाइन व्यवसायों में यह संबंध मुख्यतः ऑटोमेटेड चैटबॉक्स की मदद से होता है। ऑटोमेटेड चैटबॉक्स में मानवीय स्पर्श न होने के कारण ग्राहक अक्सर ऑनलाइन कम्पनियों की सेवाओं से संतुष्ट नहीं दिखते। ग्राहक के साथ व्यक्तिगत संबंध बनाये रखने से वे व्यापारी के प्रति वफादार रहते हैं। वहीं, ऑनलाइन व्यवसाय में अधिकतर ग्राहक कीमत और सुविधा के आधार पर निर्णय लेते हैं।

ऑनलाइन व्यवसायों के मुकाबले रिटेल दुकानों में ग्राहकों को वास्तविक अनुभव मिलता है, जो ऑनलाइन माध्यम में संभव नहीं है। ग्राहक कपड़े को छूकर महसूस कर सकते हैं। कपड़ों के रंग, डिजाइन और पैटर्न को नजदीक से देख सकते हैं, जो ऑनलाइन अनुभव से कहीं ज्यादा संतोषजनक होता है। इसके अलावा रिटेल दुकानों पर मिलने वाली व्यक्तिगत फिटिंग और टेलरिंग की सुविधा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध नहीं होती। आने वाले वर्षों में यदि टेक्सटाइल व्यापारी व्यक्तिगत संबंधों को बढ़ावा देते हैं और अपने व्यापार में कुछ रचनात्मक परिवर्तन लाते हैं, तो वे इस प्रतिस्पर्धात्मक दौर में अन्य व्यापारियों और ऑनलाइन बिजनेस माध्यमों से मुकाबला कर सकते हैं। इतना तो निश्चित है कि टेक्सटाइल उद्योग का भविष्य नई टेक्नोलॉजी का उपयोग, रिटेल दुकानों पर कस्टमाइजेशन की सुविधा और व्यक्तिगत संबंधों पर आधारित होगा।

Email: harresh.mehta@yashcotton.com | Mobile +91 82916-71111

# भारतीय टेक्सटाइल के निर्यात लक्ष्य (2030) की सफलता में बायोटेक्नोलॉजी का योगदान और उपयोगिता



श्री सुनील भटनागर
प्रोफेसर एवं टेक्सटाइल कन्सलटेन्ट

**आज भी पढ़ाई की पुस्तकों में कॉटन को रेशों का राजा कहा जाता है। इसको प्रकृति ने कुछ ऐसे गुण दिए हैं कि यह बिना प्रकृति को नुकसान पहुंचाए, विभिन्न स्पिनिंग सिस्टम में प्रयोग हो जाता है। इतिहासकारों के हिसाब से इसका प्रयोग लगभग 5000 ईसा पूर्व से हुआ, जबकि पहला सिंथेटिक रेशा नायलॉन 1929 के आसपास आया।**

**आइए हम कॉटन रेशों के गुणों को महत्ता के हिसाब से समझते हैं।**

रिंग स्पिनिंगः लंबाई, यूनिफॉर्मिटी, ताकत और सफाई है। रोटर (OE) रेशे की फाइनेस, सफाई और ताकत मायने हैं। एयरजेट में फाइनेस, सफाई इत्यादि, फ्रिक्शन स्पिनिंग में स्ट्रेंथ, फाइनेस, लंबाई इत्यादि। मेरा मानना है कि भारतीय परिवेश में उत्पन्न हर प्रकार की कपास, हमारे हर स्पिनिंग सिस्टम में उपलब्ध होने के बावजूद भी, कॉटन खपत में सिंथेटिक से लड़ाई हार गई।

सब जानते हैं कि कॉटन, टेक्सटाइल की दुनिया में सिंथेटिक रेशे से प्रयोग की प्रतिस्पर्धा में, पिछड़ गया है, मगर आज सस्टेनेबल आंदोलन और नई टेक्नोलॉजी इसको और अन्य प्राकृतिक रेशों को फिर उभारने में मददगार हो रहे हैं। आइए इसके कारणों को खोजने का प्रयास करते हैं और उसको फिर से अपनी खोई चमक प्राप्त करने में मदद करते हैं। अब तो टेक्सटाइल को, 2030 तक एक्सपोर्ट को 9 लाख रूपये करोड़ तक पहुंचाने का टारगेट, हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री मोदी जी द्वारा दे दिया गया है। इसके लिए हमें रस्सी में गांठ लगने पर, उसे खोलने में, अपने से सवाल पूछना होगा, कि गांठ लगी कैसे थी? यही एक सफल डॉक्टर, अपने मरीज को ठीक करने के लिए, बीमारी के कारणों को ढूंढने में करता है।

निम्नलिखित सवाल के जवाब में ही, आज हमारी पृथ्वी पर पर्यावरण पर बढ़ते खतरे का इलाज छुपा है। सिंथेटिक का आविष्कार क्यों हुआ? इसमें कुछ कारण, जो देखे गए वह इस प्रकार है?

- **कॉटन के रेट में अस्थिरता का होना**
- **बढ़ती जनसंख्या के लिए जमीन का अनाज, घर और रोजगार में उपलब्ध कराना।**
- **कॉटन की गुणवत्ता पर बरसात, मौसम की निर्भरता**
- **कपड़ों का सिर्फ पहनने या सजावटी प्रयोग के अलावा अन्य उपयोग में बढ़ोतरी।**
- **फसल में कीट के हमले से उत्पादन और क्वालिटी के असर को हटाना।**
- **कॉटन कपड़ों के गुणों में फटना, श्रिंकेज, रिंकल्स इत्यादि का होना**
- **फैशन जगत में सिंथेटिक को स्थान देना और प्रचार**
- **कीड़ों का प्राकृतिक रेशे पर आक्रमण**
- **प्राकृतिक रेशे के अलावा कन्टेमिनेशन का पाया जाना**
- **भारतीय कपास के उत्पादन kg/हैक्टेयर, का अपने विदेशी साथियों से पिछड़ना।**

उपरोक्त कारणों के कारण, टेक्सटाइल उद्योगों में प्राकृतिक रेशों जैसे कॉटन, ऊन, सिल्क के विकल्प में सिंथेटिक फाइबर्स का इस्तमाल होने लगा। धीरे-धीरे सिंथेटिक का हिस्सा, भारतीय बाजार में 50 प्रतिशत से ज्यादा हो गया है, और भविष्य में जैसे-जैसे टेक्निकल टेक्सटाइल्स का प्रयोग बढ़ेगा, डिमांड और भी बढ़ती जाएगी।

नतीजा हवा, पानी, खाने, जमीन, समुद्र और यहां तक कि आदमी के शरीर में भी इसके कणों ने अतिक्रमण कर लिया है। उपरोक्त पॉइंट्स में ही हल छुपे हैं, जो निम्नलिखित सुझावों को जन्म देते है। आज हमें अपनी कॉटन की विरासत को बचाने की तरफ कार्य करना होगा।

- उत्पादन बढ़ाने के लिए किसान को बायोटेक्नोलॉजी, जीन रिसर्च को ध्यान में रखकर ऐसे कपास के बीज तैयार करने होंगे, जो जमीनी स्तर पर गुणवत्ता के साथ साथ कीटों के असर को कम करे। हमें ऐसी फसलों पर ध्यान देना होगा जो पृथ्वी पर बढ़ते तापमान, कम होते पानी, बदलते मौसम के असर पर निर्भर न होवे।
- कॉटन को यूनिफॉर्म और इम्मेच्योरिटी पर काम करने के लिए, क्रॉप मैनेजमेण्ट पर कार्य करना होगा, जिससे सिर्फ राइप बॉल्स, पूर्ण रूप से विकसित बॉल्स को प्रयोग में लिया जाए। इसके लिए किसान और फसल कटाई में प्रयोग मजदूरों की ट्रेनिंग और अवेयरनेस पर कार्य करना होगा। इसके लिए स्टोरेज, गोडाउन जैसी इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ कनेक्टिविटी पर कार्य करना होगा। इससे ज्यादा से ज्यादा किसान को वाजिब पैसा मिले, और इस फसल पर रुचि बने।
- हमें गिनिंग में साइंटिफिक तकनीक का प्रयोग कर, कन्टेमिनेशन फ्री कॉटन, संस्थानों को मिले। यहां पर संस्थानों को गिनिंग को इसकी क़ीमत का ख्याल रखना होगा। ब्लोरूम या वाइंडिंग में कंटेमिनेशन फ्री टेक्नोलॉजी की टेक्नो कमर्शियल वायबिलिटी और पेबैक को समझना जरूरी है।
- यहां HVI से हर बिल चैक कर के, एक मिलावट रहित सप्लाई सुनिश्चित करनी होगी। मुझे 1991 से ऐसे संस्थानों में काम करने का मौका मिला, जहां हर बेल को HVI से ग्रेड देकर, मिक्सिंग द्वारा, कॉटन की वैरिएबिलिटी को कम किया जा सकता है।
- जिस प्रकार सिंथेटिक फाइबर को डिजाइनर बनाकर, हर क्षेत्र में इसकी उपयोगिता बनाई गई है, वैसे ही डिजाइनर कॉटन के क्षेत्र में कार्य करने की आवश्यकता है।

आज टेक्सटाइल में बायोटेक्नोलॉजी से "क्यों" सवाल के जवाब तलाशने होंगे और भविष्य के कपड़ों में प्राकृतिक रेशों की भागीदारी भी बढ़ानी होगी, जिससे हम इस धरती को सुरक्षित, सुंदर और सस्टेनेबल बना सकें। यहां, हमें गुणवत्ता वाला रॉ मटीरियल चाहिए, तो विन विन के सिद्धांत पर कार्य कर, फार्म से फैशन पर कार्य कर, 2030 तक एक्सपोर्ट, 9 करोड़ रूपये करना होगा।

# सूरत : शिव शक्ति टेक्सटाइल मार्केट में भीषण आग

## कई दुकानें स्वाह, ₹500 करोड़ से अधिक नुकसान की आशंका

**सूरत/** सिल्क सिटी सूरत के शिव शक्ति टेक्सटाइल मार्केट में लगी भीषण आग से कई दुकानें तबाह हो गई, 25 फरवरी को मार्केट के बेसमेंट में आग लग गई, जिसे बुझा दिया गया परंतु दूसरे दिन सुबह अचानक मार्केट की ऊपरी मंजिलों से धुंआ निकलने लगा। धीरे-धीरे आज ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरा मार्केट इसकी चपेट में आ गया। 26 फरवरी सुबह से मार्केट में आग की खबर से पूरे रिंग रोड पर अफरा तफरी मच गई। आग बुझाने की कोशिश युद्ध स्तर पर की गई परंतु पूरा मार्केट आग की चपेट में आने से फायर फाइटर्स को आग बुझाने में 30 - 35 घंटों का समय लग गया। इसके उपरांत भी भीषण आग के कारण मार्केट की बिल्डिंग का टेंपरेचर 800$^0$ से अधिक हो जाने के कारण कोई भी अंदर नहीं जा पा रहा था। इस तरह तीन दिन बाद मार्केट में पूरी तरह आग बुझ पाई।



शिव शक्ति टेक्सटाइल मार्केट में लगी भीषण आग बुझाती दमकल। (इनसेट) आग से मार्केट से उठता धुंआ।

### पीड़ितों की मदद के लिए आगे आएं व्यापारिक संगठन - श्री कैलाश हाकिम



आग से व्यापारियों को हुए आर्थिक नुकसान का एग्जेट आकलन करना फिलहाल मुश्किल है परंतु शिव शक्ति टेक्सटाइल मार्केट के व्यापारियों की सहायता के लिए फोस्टा ने एक कमेटी का गठन किया है, साथ ही सरकार से भी व्यापारियों की मदद के लिए आग्रह किया है। इस संदर्भ में फोस्टा के प्रेसिडेंट श्री कैलाश हाकिम चर्चा के दौरान बताया कि सूरत का हर संगठन इस दुःख की घड़ी में व्यापारियों के साथ खड़ा है, हम व्यापारियों की हर संभव मदद के लिए लगातार (गुजरात सरकार) स्थानीय प्रशासन एवं स्थानीय संगठनों से मदद के लिए मुहिम चला रहे हैं।

### दुकानदारों को 500 करोड़ से अधिक का नुकसान

पांच मंजिला शिव शक्ति मार्केट में 834 दुकाने हैं जिसमें लगभग 600 दुकानों को नुकसान हुआ है, वहीं मार्केट भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय व्यापारिक संगठन फोस्टा के प्रेसिडेंट श्री कैलाश हकीम ने बताया कि शिव शक्ति टेक्सटाइल मार्केट में लगी आग एक भयानक हादसा है, इसमें हमारे व्यापारी भाइयों को करीब 500 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान की आशंका है।

### फोस्टा द्वारा शिव शक्ति मार्केट रिलीफ फंड की घोषणा

फेडरेशन ऑफ सूरत ट्रेड एंड टेक्सटाइल एसोसिएशन (फोस्टा) ने शिव शक्ति टेक्सटाइल मार्केट में हाल ही में हुई आगजनी से प्रभावित व्यापारियों की सहायता के लिए 'शिव शक्ति मार्केट रिलीफ फंड' की घोषणा की है। इस फंड का उद्देश्य उन व्यापारियों को वित्तीय मदद प्रदान करना है जिनको इस आगजनी से नुकसान हुआ है। फोस्टा सभी विवर्स, एम्ब्रॉयडरी व्यापारियों, यार्न व्यवसायियों, मिल मालिकों, डिजिटल प्रिंट व्यापारियों, एजेंटों, आढ़तियों और बाहरी मंडी के व्यापारियों से इस राहत कार्य में सहयोग देने की अपील करता है। वर्षों से सूरत के व्यापार का हिस्सा रहे सभी व्यावसायिक समुदायों को इस कठिन समय में एकजुट होकर सहायता करनी होगी। फोस्टा के डायरेक्टर्स द्वारा व्यक्ति गतरूप से रूपये 11 लाख 'शिव शक्ति मार्केट रिलीफ फंड' में देने की घोषणा की है।

**योगदान करने के लिए मिस्ड कॉल नंबर जारी किया गया है...** शिवशक्ति मार्केट रिलीफ फंड (Missed Call No: 07941055789) मिस्ड कॉल देने पर, SMS के माध्यम से रिलीफ फंड के बैंक अकाउंट नंबर की जानकारी प्राप्त होगी। इच्छानुसार कम से कम रू 5000 या उससे अधिक की राशि सीधे बैंक खाते में जमा की जा सकती है।

**फंड की पारदर्शिता और प्रबंधन...** फंड की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए 11 सदस्यों की एक समिति गठित की गई है। जिसमें 4 व्यापारी शिव शक्ति मार्केट से होंगे, शेष सदस्य अन्य टेक्सटाइल ओर्गेनाईजेशन और फोस्टा से जुड़े सेवाभावी व्यापारी एवं सामाजिक अग्रणी होंगे। यह समिति सुनिश्चित करेगी कि संपूर्ण दान राशि सही और जरूरतमंद व्यापारियों तक पहुंचे।

**व्यापारी संगठनों से अपील...** फोस्टा सभी व्यापारी संगठनों से इस राहत कार्य में सहयोग करने की अपील करता है। यह केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि हमारे व्यापारिक समुदाय की एकता और सहयोग की मिसाल होगी।

# कपड़ा बाजार में ग्राहकी का अभाव

## होली बाद ही कारोबार अच्छा चलने की उम्मीद

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय**

होली से पहले ही कपड़ा बाजार का रूख बदल गया है। व्यापारियों में नये कारोबार की गति धीमी हो गई है। एमएसएमई प्रावधानों के कारण 31 मार्च से पहले बकाया का समायोजन करना जरूरी होने के साथ मार्च एण्डिंग के कारण कपड़ा बाजार में धन का संकट बढ़ा है। थोक कपड़ा बाजार में रमजान की ग्राहकी पूरी होने के बाद अब खुदरा में इसकी ग्राहकी कैसी रहती है, इस पर सभी की निगाहें है, क्योंकि कपड़ा बाजार में नेशनल गारमेंट फेयर और भारत टेक्स 2025 जैसे महत्त्वपूर्ण आयोजनों और बजट प्रावधानों से उम्मीद थी, लेकिन बाजार में अब तक ग्राहकी का रूख विपरीत रहा है। एक ओर कपड़ा बाजार में धन का भारी अभाव है, वहीं दूसरी ओर शेयर बाजार में भारी गिरावट आने से व्यापारियों की बड़ी राशि इसमें फँस गई है। कपड़ों में ग्राहकी अच्छी नहीं है। देसावरी मण्डियों के ऑर्डर कम हो गए है। गरमी में चलने वाले कपड़ों से ही कुछ उम्मीद है। कपड़ा बाजार में कारोबार अब होली के बाद ही सुचारू रूप से चलने की संभावना है, परंतु इस बीच मार्च एण्डिंग का असर कपड़ा कारोबार पर होने की संभावना है। वैश्विक स्तर पर निर्यात कारोबार को लेकर अनिश्चितता बढ़ सकती है। यद्यपि भारत से गारमेंट का निर्यात अप्रैल-जनवरी 2024-25 के दौरान 11.5 प्रतिशत बढ़कर 13 अरब डॉलर पहुँच गया है। ट्रम्प सरकार की टैरिफ नीति का बुरा असर वैश्विक स्तर पर दिखाई दे रहा है। चार मार्च से चीन के सामनों पर 10 प्रतिशत शुल्क बढ़ाने की घोषणा के बाद पूरे विश्व में अर्थतंत्र में उथल-पुथल मच गया है। यूरोपियन देशों पर भी शुल्क लगाए जाने की संभावना है। वर्ष 2018 का व्यापार युद्ध मुख्यतः चीन के साथ था, परंतु इस बार अनेक देशों पर खतरा है। आज भी यूएस, मैक्सिको, कनाड़ा तथा वियतनाम मुक्त व्यापार करार के अंतर्गत चीन की अनेक वस्तुएं अमेरिका में बिना शुल्क प्रवेश कर सकती है। यदि अमेरिका भिन्न-भिन्न देशों पर अलग-अलग शुल्क लगाता है, तो उसके आयातकों के लिए लागत कीमत और आपूर्ति संकलन के आधार पर चीजों का खरीदना मुश्किल हो जाएगा। इससे अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति व्यवस्था बिगड़ सकती है और सभी प्रतिस्पर्धी सप्लायरों को नुकसान होगा। भारत से अमेरिका में निर्यात किया जाता श्रम प्रधान टेक्सटाइल, वस्त्र एवं जूतों पर 15 से 35 प्रतिशत तक शुल्क लगता है। भारत ने इन चीजों पर आयात शुल्क शून्य कर दिया है, इसका लाभ होगा। समर एवं स्कूल यूनिफॉर्म की सीजन से जून तक कपड़ों में कारोबार है। स्कूल यूनिफॉर्म कपड़ों में कारोबार धीमा है। कपड़ों की उत्पादन लागत बढ़ी है, परंतु भाव नहीं बढ़ सके हैं, जबकि ब्राण्डेड यूनिफॉर्म मैन्युफेक्चरर्स बड़े पैमाने पर अपना माल बेचने में सफल रहे हैं। बाजार में स्टॉक अधिक है, इसलिए मिलें बिकवाली का दबाव महसूस किया जा रहा है। वैवाहिक सीजन के लिए फैंसी वैरायटी में कारोबार अब कुछ धीमा पड़ गया है। मिलों की सूटिंग-शर्टिंग में बिक्री बनी हुई है। साड़ियों में पोस्टर नई डिजाइनों की मांग है। गर्मी में ड्रेस मटीरियल में कॉटन प्रिंट की नई वैरायटी में कारोबार अच्छा होने की उम्मीद है।

शादियों का सीजन होने से कपड़ा बाजार में सूटिंग-शर्टिंग सहित साड़ियों में कारोबार अभी तक अच्छा रहा है। साड़ियों में ब्लाउज संलग्न होने के बावजूद रूबिया का क्रेज बना हुआ है। अद्यतन शटल लेस लूमों पर बनी टू बाई टू रूबिया और टू वन रूबिया की मांग है। इसमें साटीन और जैकॉर्ड कपड़ा भी बाजारों में बिकता है, जबकि अन्य ब्लाउज उत्पादकों में अधिकतर ग्रे कपड़ा पावरलूम से खरीदा जाता है। पाली के प्रोसेस हाउसों में इसकी प्रोसेसिंग कर बेचा जाता है, इसमें वीविंग डिफेक्ट और कलर फास्टनेस की शिकायतें आती रहती है। खुदरा ग्राहकी अच्छी रहने की उम्मीद है। यद्यपि फिनिश कपड़ों में कारोबार अच्छा नहीं होने से पावरलूम इकाइयों में ग्रे कपड़ों का उत्पादन आधी क्षमता पर हो रहा है। ग्रे कपड़ों की लेवाली कमजोर है। वीवर्स उत्पादन बढ़ाने से हिचक रहे हैं। बाजार स्थिर होने का इंतजार है। गर्मी में सूती कैम्ब्रिक, मलमल, लोन, कॉटन साटिन, रेयॉन और लिनन इत्यादि कपड़ों की मांग हमेशा से अच्छी रही है। बाजार में कारोबार कम होने से देसावरी मंडियों से व्यापारियों का आना कम हो गया है।

# होली की तैयारी में जुटे वस्त्र विक्रेता

**उदयपुर/ नवीन कोठारी**

आने वाले कुछ ही दिनों में होली पर्व है। इसी के मद्देनजर स्थानीय वस्त्र विक्रेता माल मंगवाने में जुटे हुए हैं। खासकर, होली के दिनों में महिलाएं पीलिया और फागणियां पहनना पसंद करती है। कई वस्त्र प्रतिष्ठानों में अभी से इनका डिस्प्ले भी शुरू कर दिया है। पहले जहाँ इन परिधानों का बहुत सीमित वैरायटी का प्रचलन था, वहीं अब बहुत विस्तृत श्रृंखला में इनका मैन्युफेक्चर और विक्रय होने लगा है, इसलिए व्यापारियों को फागणियां और पीलिया की विभिन्न वैरायटियां अपने यहाँ रखनी पड़ती है। स्थानीय बाजार में कम मूल्य से लेकर महंगी वैरायटी में इनकी उपलब्धता रहने से हर प्रकार के ग्राहक को संतुष्टी मिल रही है। वातावरण में अब गर्मी का अहसास होने लगा है और लोगों के शरीर से ऊनी वस्त्र उतरने लगे हैं। जानकार बताते है कि बहुत जल्दी वस्त्र बाजार में कॉटन वस्त्रों की मांग बढ़ने के आसार हैं। 7 मार्च से होलाष्टक लगने के बाद करीब एक माह तक विवाह मुहूर्त वर्जित माने जाते हैं, इसलिए इसके पश्चात् ही विवाह की ग्राहकी शुरू होगी।

# मार्च 2025 में कपड़ा कारोबार की स्थिति -डॉ. कुन्दन ज्योतिषी



**मुम्बई/ आर बी सिंह**

आकलन के अनुसार मार्च महीने के प्रारंभ में ही अधिकांश व्यापारिक आइटमों में तेजी के आसार परिलक्षित नजर आ रहे हैं। ग्रहों के राशि परिवर्तन से रूई, सूत, धागा, कपड़ा आदि तथा इनसे बनने वाली वस्तुओं के कारोबार में तेजी आएगी। पहले सप्ताह (1-7 मार्च) से ही जहाँ एक तरफ गुड़ जीरा, गरम मसाला, दाल, सोयाबीन तथा तेल आदि की बिक्री जोरों से होगी, वहीं दूसरे सप्ताह (8-15 मार्च) को अनाज, मसाला एवं भवन सामग्री के कारोबार में तेजी की संभावना है। इसके बाद तीसरे सप्ताह तक ड्राई-फ्रूट्स, मेवा, दलहन, तिलहन व मसालों में तेजी का रूख रहेगा। रूई, सूत, रेशम आदि के कारोबार के मटीरियल बिक्री में नाममात्र गिरावट दर्ज हो सकती है। लगभग 19 मार्च से थोक कारोबारीजनों को भारी मात्रा में स्टॉक करने वाले व्यापारियों के लिए लाभ का शुभ संकेत है और 20 से 25 मार्च तक खनिज पदार्थ, धातु व सोने-चाँदी, हीरे जवाहरात आदि के कारोबार में तनिक मंदी आ सकती है। दिनांक 26 से 28 मार्च तक दलहन, तिलहन व मसालों के अलावा रूई ,कपड़ा, सूत, धागा के साथ-साथ खाद्य पदार्थों के कारोबार में तेजी आएगी। माह के आखिर में भी मसाला, ड्राई-फ्रूट्स, सूखे मेवे, कृषि सामग्री, हवन सामग्री, सूत, वस्त्र, रूई आदि के कारोबार में तेजी रहेगी, जिनके अलावा हल्दी, सोयाबीन, सुपारी, मटर, अरहर, शक्कर आदि की बिक्री भी जोरदार रहेगी। कुल मिलाकर संक्षेप में कहा जाए कि कपड़ा व्यापारीजनों को मार्च माह के शुरुआती दिनों के कुछेक दिनों को छोड़ दे तो माह के मध्य और उतरार्द्ध के दिनों में बढ़िया कारोबार की संभावनाएं है।

**साभार -डॉ. कुंदन ज्योतिषाचार्य, संपर्क -88879-00060**

# साधारण कामकाज के बीच यार्न में लेवाली का सपोर्ट

मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय... यार्न की मांग थोडी बढ़ी है। यार्न मार्केट में कारोबार साधारण है। कॉटन यार्न, सिंथेटिक यार्न एवं रोटो जैसी वैरायटी में कारोबार धीमी गति से हो रहा है। अब मौसम बदलने लगा है और गरमी बढ़नी शुरू हो गई है, इसलिए सिंथेटिक कपड़ों की मांग घटने से सिंथेटिक यार्न की मांग पर इसका असर पड़ा है। कॉटन यार्न की मांग में सुधार बहुत धीमा है। भिवंडी, मालेगांव, इचलकरंजी जैसे पावरलूम केंद्रो पर बन रहे कॉटन कपड़ों की मांग जो अभी तक सुस्त थी, इसमें आंशिक सुधार होने से कॉटन यार्न की मांग बढ़ी है। कॉटन यार्न के अलावा सिल्क एवं रेयॉन जैसी वैरायटी में कामकाज अच्छा हो रहा है। माना जा रहा है कि आगे यार्न मार्केट में कारोबार सुधर सकता है। इन सेंटरों की अपेक्षा साउथ की ओर यार्न और कॉटन कपड़ों के भाव में तेजी है। साउथ की कपड़ा इकाइयों के पास ऑर्डर अच्छा होने के कारण यार्न का भाव टाइट है। यद्यपि इकाइयों में उत्पादन क्षमता 40 से 50 प्रतिशत के बीच ही है, परंतु इन इकाइयों में बनते ग्रे कपड़ों की लेवाली अच्छी होने से कामकाज बढ़ा है, जिसके कारण कॉटन यार्न की मांग सुधरी है। चूंकि देश में रूई का मौजूदा भाव स्तर कॉटन यार्न का उत्पादन करने और बाजार में बेचने के लिए स्पिनिंग मिलों के लिए अत्यधिक अनुकूल होने से साउथ की स्पिनिंग मिलों में कॉटन यार्न का उत्पादन स्थिर गति से बढ़ रहा है और कॉटन यार्न के प्रमुख खपत केंद्रों पर यार्न की आपूर्ति लाइन में किसी तरह का अवरोध नहीं है। यार्न मार्केट ऊपर-नीचे जा रहा है। कॉटन यार्न के भाव में अभी अधिक उछाल नहीं है, क्योंकि सूती ग्रे कपड़ों का उत्पादन नहीं बढ़ने से कॉटन यार्न की लेवाली धीमी है। बाजार सूत्रों का कहना है कि बाजार में यार्न की आपूर्ति अच्छी है। स्पिनिंग मिलों में यार्न का उत्पादन जारी है। निर्यात में कामकाज अधिक नहीं होने से मिलों में कॉटन यार्न का भाव बढ़ने की संभावना कम है। यार्न की स्थानीय स्तर पर मांग और ग्रे कपड़ों की उत्पादन स्थितियों को देखते हुए कॉटन यार्न के भाव में अधिक उछाल आने की संभावना नहीं है। यदि कॉटन यार्न की मांग में एकाएक बहुत अधिक बढ़ जाती है और कॉटन यार्न का उत्पादन नहीं बढ़े, तो ही भाव वृद्धि की संभावना बनती है।

# बांग्लादेश से गारमेंट निर्यात...

पृष्ठ 1 का शेषांश

**कठिन परिस्थिति-** बांग्लादेश से चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में रेडीमेड गारमेंट निर्यात में शानदार वृद्धि हुई है, लेकिन जानकारों का कहना है कि वहाँ का रेडीमेड गारमेंट उद्योग एक कठिन दौर से गुजर रहा है। बांग्लादेश उद्योग को गैस और बिजली कमी की समस्या के साथ ही कच्चे माल के लिए आयात पर बढ़ती समस्या जूझ रहा है। वहाँ के उद्यमियों का कहना है कि उनकी उत्पादन लागत बढ़ रही है। यहीं नहीं बांग्लादेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति से भी गारमेंट उद्योग असहज अनुभव कर रहा है। उल्लेखनीय है कि गारमेंट निर्यात में विश्व में बांग्लादेश का तीसरा स्थान है तथा कुल निर्यात में इस सेक्टर का सबसे अधिक योगदान है। एक अनुमान के अनुसार कुल निर्यात से प्राप्त आय में 80 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी केवल रेडीमेड गारमेंट उद्योग की है। रेडीमेड गारमेंट के लिए बांग्लादेश कॉटन से लेकर फैब्रिक और अन्य सामान के लिए आयात पर निर्भर है।

# शेयर बाजार की भारी मंदी का असर अब कपड़ा बाजार पर

**बालोतरा/ लालचन्द पुनीत**

व्यावसायिक वातावरण एकदम बदल गया है। औद्योगिक क्षेत्र में चहल-पहल पहले जैसी नहीं रही। मंदी का स्वर अंदर ही अंदर उभरता नजर आ रहा है। शेयर बाजार की भारी मंदी का असर अब कपड़ा बाजार पर भी अप्रत्यक्ष रूप से आभास होने लगा है। ग्रे क्लॉथ की स्थिति स्थिर बनी हुई है, परंतु उद्यमियों के अनुसार निकट भविष्य में मंदी आवश्यंभावी है। इसके विपरीत आढ़तियों का कहना है कि आगे तेजी निश्चित है। कुछ भी हो वर्तमान स्थिति में काम सामान्य स्तर पर ही हो पा रहा है, चाहे वह रंगीन तैयार माल हो या ग्रे क्लॉथ। इसका अर्थ यह नहीं कि चालानी शून्य स्तर पर आ गई है। वास्तविकता यह है कि नाम चिन्ह प्रतिष्ठानों व ख्याति प्राप्त ब्रांडों की मांग में आंशिक कमी जरूर है परंतु उनके पास ऑफर बराबर आ रहे हैं।

स्थानीय रंगाई छपाई उद्योग में श्रमिकों की कमी का एहसास निरंतर बढ़ रहा है। ये तो यूपी बिहार के मजदूरों के कारण औद्योगिक प्रक्रियाएं पूरी हो रही है, वरना स्थानीय मजदूरों ने अपने स्वयं के संस्थान खड़े कर दिए हैं अथवा अन्य कार्यों में अपने आप को खपा दिया है, जिससे औद्योगिक अन्य कार्यों में इनका अभाव खटक रहा है। फिलहाल वार लगाने, पैकिंग-फोल्डिंग करने, गांठें बांधने व माल चालानी के कार्यों में उद्यमियों को अनेक परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। स्थिति तब और विकट हो जाएगी जब यूपी बिहार में औद्योगीकरण की आंधी आने के बाद इन श्रमिकों को यहां आने की आवश्यकता ही नहीं रहेगी। यहां का उद्योग शनैः शनैः ऑटोमेशन की ओर बढ़ रहे हैं,

किंतु कई कार्यों में व्यक्तियों की आवश्यकता को नकारा नहीं जा सकता। उद्यमियों का कहना है कि देशभर में यहां सर्वाधिक मजदूरी दी जाती है। तकनीकी कार्य करने वालों के पास इतना कार्य रहता है कि वे बाद मिन्नतों के सहज उपलब्ध नहीं हो पाते। समाधान के तौर पर कोई सहज विकल्प दृष्टिगोचर हो नहीं पा रहा है। निश्चित रूप से यहां के उत्पादक हौसलों व हिम्मत के बल पर अपने उद्योगों को आगे बढ़ा रहे हैं। इस क्षेत्र की कई ऐसी विशेषताएं हैं, जिनकी बदौलत यहां के उत्पादों का वर्चस्व देशव्यापी बना हुआ है।

कोई समय था जब यहां के उत्पादों को तवज्जों नहीं मिलती थी, पर चंद वर्षों में उद्यमियों ने गुणवत्ता की बेहतरीन प्रभाव से एक नई मिसाल कायम की है। माना की सूती वस्त्रों का अपना अलग-अलग क्रेज है, जिसके कारण इसके व्यापक प्रभाव का तेज कभी कम नहीं होगा। पोपलीन, पेटीकोट, रूबी, पॉकेटिंग क्लॉथ, साड़ी फॉल, नाइटी क्लॉथ, कैशमेंट, अस्तर के साथ रेयॉन, लीजीबीजी, सूट, शर्टिंग, टेक्निकल टेक्सटाइल के उत्पादों की लंबी श्रृंखला अपनी शान बनाये हुए है।

पैकिंग की आकर्षक कला ने इस उद्योग के उत्पादों में नवजीवन भर दिया है। स्थानीय गारमेंट उद्योग भले ही शैशव अवस्था में है, परंतु उत्पादकों ने जो वर्चस्व जमाया है, वह काबिले तारीफ है। अनुभवी उद्यमियों का कहना है कि सरकार जब भी पुरजोर सहयोग के साथ आगे आएगी तो यह क्षेत्र गारमेंट के कई उत्पादों के निर्यात रूप में अलग पहचान बनाने में सफल होने के साथ अग्रणी भूमिका निभाएगा।












asharfi®
FABRICS
A Royal Product for Royal Class

Manufacturer of unique combos in Industry

PEOPLES CHOICE
HELD AT VARIOUS CONFERENCES 2023-2024

SCAN FOR CATALOGUE



Combos / Safaris / Suit Lengths / Ethnics

Currently Working With Some Leading Wholesalers & Distributers Across India

**Asharfi Fabrics Pvt. Ltd.**

**For Trade Enquiry**: - Call **-87088-98361, 92540-41864**

Website: www.asharfi.in | E-mail:customercare@asharfi.in | Panipat, Haryana ( 132103) Follow Us on :-

## भूल ना जाना ०५९

RISHAB WORLD




मन्यम वीरुडु - जंगल का हीरो

# अल्लुरी सीताराम राजू

(१८९७ - १९२४)

संघर्ष का नेतृत्व करने के लिए जन्मे **अल्लुरी सीताराम राजू** ने **आंध्रप्रदेश** के जंगल में अंग्रेजों द्वारा पकड़े जाने और गोली मारने से पहले 27 साल का छोटा-सा जीवन जीया था।

अंग्रेजों ने **मद्रास वन अधिनियम** के बहाने तत्कालीन आंध्रप्रदेश के **आदिवासियों** को उनकी पारंपरिक **पोड्डु खेती प्रणाली** से प्रतिबंधित कर दिया, जिसके कारण वर्ष 1922 में **अल्लुरी सीताराम राजू** के नेतृत्व में रम्पा विद्रोह हुआ।

गोदावरी के पहाड़ी इलाके को भली प्रकार पहचानने वाले **राजू** ने वहां ब्रिटिश अन्याय के खिलाफ गुरिल्ला युद्ध के लिए **आदिवासियों की सेना** का निर्माण किया और क्षेत्र में कई ब्रिटिश पुलिस स्टेशनों पर छापा मारकर आग्नेयास्त्र हासिल किए।

प्रत्येक छापे के बाद **साहसी राजू** पुलिस को एक **हस्तलिखित पत्र** छोड़ता था, जिसमें वह अपने द्वारा की गई लूट का ब्योरा देता था, जिसमें उसके द्वारा जमा किए गए हथियार भी शामिल थे। इस गतिविधि ने वर्ष **2022 की फिल्म आरआरआर** सहित कई सिनेमाघरों को रोमांचकारी सामग्री दी थी।

**क्रांतिकारी राजू** ने आध्यात्मिक शांति और शक्ति हासिल करने के लिए विभिन्न **आध्यात्मिक अनुशासनों** का अभ्यास किया और 18 साल की छोटी-सी उम्र में **संन्यासी** बन गए और आंध्रप्रदेश में **पूर्वी घाट** के जंगलों में भ्रमण किया।

इससे पहले **वीर राजू** को **सीता** नाम की एक लड़की से **सच्चा प्रेम** था, जिसकी असामयिक मृत्यु हो गई थी और उसकी स्मृति को शाश्वत बनाने के लिए, उन्होंने उसके नाम को अपने नाम के आगे लगा लिया और **सीताराम राजू** के नाम से पहचाने गए। इन्हें **राग-बैराग स्वाधीनता के साथ जीने वाला व्यक्ति** कहा जा सकता है।

**पूर्वी घाट के नायक** की प्रेमपूर्ण महिमा में, उनके कार्य और भक्ति का पूरा क्षेत्र अब आंध्रप्रदेश में **जिला अल्लूरी सीताराम राजू** कहा जाता है।

**इंडियाज स्ट्रगल फॉर फ्रीडम** श्रृंखला में **राजू** को दिखाते हुए वर्ष 1986 में **भारतीय डाक विभाग** ने एक स्मारक डाक टिकट जारी किया।







Postal Registration No BHILWARA/208/2024-2026 RNI Registration No. 71772/98










# वियतनाम ने तय किया 2025 के लिए टेक्सटाइल-गारमेंट निर्यात लक्ष्य

## गत वर्ष 11 प्रतिशत बढ़कर 44 बिलियन डॉलर हुआ

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

वर्ष 2024 में 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज करने के बाद वियतनाम ने वर्ष 2025 के लिए टेक्सटाइल और गारमेंट का निर्यात लक्ष्य 47-48 बिलियन डॉलर निर्धारित किया है। गत वर्ष 2024 में वहाँ से टेक्सटाइल और गारमेंट का निर्यात 11 प्रतिशत बढ़कर 44 बिलियन डॉलर हो गया था। टेक्सटाइल और गारमेंट निर्यात में विश्व में वियतनाम का दूसरा स्थान है, जबकि पहला स्थान चीन का है। वियतनामी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार गत वर्ष आरंभ में वियतनाम से निर्यात केवल 1.4 प्रतिशत ही बढ़ा था, लेकिन उसके बाद अनेक देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) और विश्व बाजार में सुधार के साथ वहाँ से टेक्सटाइल गारमेंट निर्यात में भारी बढ़ोतरी हुई।

जानकारों का कहना है कि वर्ष 2024 के दौरान वियतनाम से प्रमुख तौर पर अमेरिका, यूरोपीय समुदाय, जापान और साउथ कोरिया आदि देशों को निर्यात में भारी वृद्धि हुई। वर्ष 2018-2024 तक वियतनाम से अमेरिका को टेक्सटाइल और रेडीमेड गारमेंट का निर्यात लगभग डबल हो गया है तथा वर्ष 2024 में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, क्योंकि अमेरिका के अनेक आयातकों ने चीन से अपने ऑर्डर वियतनाम की ओर कर दिए। जानकारों का कहना है कि नाइकी, एडिडास और पूमा जैसे अनेक प्रमुख ब्राण्ड चीन से अपना उत्पादन वियतनाम ले जा रहे हैं। साथ ही वियतनाम में ताइवान, साउथ कोरिया और जापान से टेक्सटाइल और गारमेंट सेक्टर में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आ रहा है। जानकारों का कहना है कि वर्ष 2025 के लिए वियतनाम के अनेक निर्माताओं ने भारी मात्रा में निर्यात ऑर्डर प्राप्त कर लिए हैं, जो इस बात का संकेत है कि वियतनाम में इस सेक्टर के विकास की गति जारी है।

चुनौती -जानकारों का कहना है कि वियतनाम में टेक्सटाइल व गारमेंट सेक्टर के अच्छे संकेत मिल रहे हैं, लेकिन इसके साथ ही अमेरिका द्वारा चीन से आयात पर टैरिफ की आशंका एक चुनौती भी है। उल्लेखनीय है कि वियतनाम टेक्सटाइल और गारमेंट के कच्चे माल के लिए चीन पर निर्भर है और वहाँ से कुल आयात की 80 प्रतिशत मात्रा का आयात चीन से करता है। इसके लिए वियतनाम फाइबर और फैब्रिक के उत्पादन के लिए उद्योग लगाने के साथ ही घरेलू सप्लाई चेन को भी विकसित कर रहा है। वियतनाम का उद्योग व व्यापार मंत्रालय 2025 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए और अमेरिका को निर्यात पर निर्भरता कम करने के लिए जापान और साउथ कोरिया जैसे देशों में अपनी पहुँच बढ़ाने के साथ ही नए बाजारों को तलाश कर रहा है तथा वर्तमान एफटीए से अधिकतम लाभ प्राप्त करने का प्रयास कर रहा है। जानकारों का कहना है कि वियतनाम को बांग्लादेश, भारत और पाकिस्तान जैसे देशों से भी कड़ा मुकाबला करना पड़ेगा, क्योंकि इन देशों में मजदूरी की लागत तुलनात्मक रूप से कम है।










स्वत्वाधिकारी एसएसएस मीडिया पब्लिकेशन्स (प्रा.) लि. की तरफ से मुद्रक एवं प्रकाशक योगेन्द्र शर्मा के लिए डी.बी. कॉर्प लि., 10, जेएलएन मार्ग, जयपुर, (भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, टोंक रोड़, जयपुर) से मुद्रित एवं सी-127, आर.के. कॉलोनी, भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक-योगेन्द्र शर्मा।





7 से 21 मार्च 2025

SINCE 1998

टेक्सटाइल वर्ल्ड Corporate

होली की हार्दिक शुभकामनाएँ


# टेक्सटाइल उद्योग में आग का खतरा और उससे बचाव एक विस्तृत मार्गदर्शिका

टेक्सटाइल उद्योग में आग लगना एक गंभीर चिंता का विषय है। कपास, सिंथेटिक फाइबर और पैकेजिंग सामग्री जैसी ज्वलनशील वस्तुएं, धूल का जमाव, भारी मशीनरी से शॉर्ट सर्किट और गलत भंडारण की वजह से आग लगने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में सही योजना, सुरक्षा उपाय और बीमा का होना बेहद जरूरी है।

### आग के खतरे को बढ़ाने वाले प्रमुख कारण

- **ज्वलनशील सामग्री-** कपास और सिंथेटिक फाइबर : यह सामग्री आसानी से आग पकड़ती हैं। इन्हें सही ढंग से स्टोर करके जोखिम को कम किया जा सकता है। पैकेजिंग सामग्री प्लास्टिक और कागज जैसी सामग्री आग की तीव्रता बढ़ा सकती हैं।
- **धूल और लिंट का जमाव-** धूल का संचय : उत्पादन प्रक्रिया के दौरान धूल और लिंट का जमाव होता है, जो तेजी से आग पकड़ सकता है। नियमित सफाई और उचित वेंटिलेशन आवश्यक है।
- **विद्युत शॉर्ट सर्किट-** भारी मशीनरी और खराब वायरिंग : इससे शॉर्ट सर्किट हो सकता है। थर्मोग्राफिक परीक्षण से इसका समय रहते पता लगाया जा सकता है।
- **गलत भंडारण प्रथाएँ-** ज्वलनशील वस्तुओं का अनुचित भंडारण : रसायन, फाइबर और अन्य ज्वलनशील वस्तुओं को सही तरीके से न रखने पर आग का खतरा बढ़ता है।

भारत में अग्नि सुरक्षा से संबंधित नियम और कानून -

- **फैक्टरीज एक्ट, 1948-** अग्नि सुरक्षा उपाय : यह अधिनियम सभी फैक्ट्रियों में इमरजेंसी एक्जिट, अग्निशमन उपकरण और नियमित फायर ड्रिल्स को अनिवार्य करता है।
- **नेशनल बिल्डिंग कोड (NBC) ऑफ इंडिया-** निर्माण और डिजाइन : NBC में भवनों के निर्माण, रख-रखाव और अग्नि सुरक्षा के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश शामिल हैं। इसमें आग की रोकथाम, जीवन सुरक्षा और अग्नि सुरक्षा उपकरणों की स्थापना के बारे में बताया गया है।
- **भारतीय मानक ब्यूरो (BIS)-** अग्नि सुरक्षा उपकरणों के लिए मानक : BIS ने अग्निशमन यंत्रों, फायर अलार्म सिस्टम और अन्य सुरक्षा उपकरणों के लिए मानक निर्धारित किए हैं।
- **तिरूपुर की आग से सीख-** हाल ही में तिरूपुर के एक गारमेंट फैक्ट्री में आग लगी, जिससे भारी नुकसान हुआ। प्लास्टिक पैकेजिंग ने आग की तीव्रता को बढ़ा दिया और पाँच घंटे की मशक्क त के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन सौभाग्य से सभी कर्मचारी सुरक्षित थे।

**सीखने योग्य बातें-**

- **सही भंडारण** - ज्वलनशील वस्तुओं को अलग और सुरक्षित स्थान पर रखना चाहिए।
- **नियमित इलेक्ट्रिकल निरीक्षण** - शॉर्ट सर्किट से बचने के लिए वायरिंग और उपकरणों की नियमित जाँच आवश्यक है।
- **अग्नि अलार्म और डिटेक्शन सिस्टम** - उन्नत सिस्टम से आग का जल्दी पता लगाया जा सकता है।
- **कर्मचारियों को प्रशिक्षण** - नियमित फायर ड्रिल्स से कर्मचारियों को आपात स्थिति में सही प्रतिक्रिया देने की क्षमता मिलती है।

### फायर इंश्योरेंस में क्या कवर होता है -

- **संपत्ति का नुकसान** (Property Damage) भवन और मशीनरीः आग से हुए नुकसान की भरपाई। इन्वेंट्री : कच्चे माल और तैयार उत्पादों का नुकसान कवर होता है।
- **व्यवसाय रूकावट** (Business Interruption) राजस्व की हानिः आग के कारण व्यवसाय बंद होने से हुई आय के नुकसान की भरपाई।
- **मलबा हटाना** (Debris Removal) सफाई के खर्चेः आग के बाद मलबा हटाने के लिए आवश्यक खर्चों का कवरेज।
- **अग्निशमन खर्चे** (Firefighting Expenses) अग्निशमन सेवाओं के खर्चे : आग बुझाने में हुए खर्चों की भरपाई।
- **कम बीमा राशि लेने का खतरा** (Underinsurance) -यदि आपने अपनी संपत्ति की वास्तविक मूल्य से कम बीमा राशि ली है, तो क्लेम के समय आपको नुकसान हो सकता है। इसे 'एवरेज क्लॉज' कहते हैं, जहाँ बीमा राशि और वास्तविक मूल्य के अनुपात में ही क्लेम का भुगतान होता है।

**उदाहरणः** यदि आपकी फैक्ट्री का मूल्य 1 करोड़ रूपए है, लेकिन आपने 50 लाख रूपए का बीमा लिया है और आग से 20 लाख रूपए का नुकसान होता है, तो आपको केवल 10 लाख रूपए का ही क्लेम मिलेगा, क्योंकि आपने केवल 50 प्रतिशत बीमा कराया था।

BimaBro

### नियमित ऑडिट और रोकथाम के उपाय -

- **अग्निशमन उपकरणों की जाँच-** फायर एक्सटिंग्विशर और स्प्रिंकलर : नियमित रूप से उनकी कार्यक्षमता की जांच और मेंटेनेंस करें।
- **स्मोक डिटेक्टर की जाँच-** परीक्षण और रख-रखावः समय-समय पर स्मोक डिटेक्टर की जाँच करें और सुनिश्चित करें कि वे सही से काम कर रहे हैं।
- **थर्मोग्राफिक परीक्षण** शॉर्ट सर्किट की पहचानः विद्युत प्रणाली में संभावित खामियों और शॉर्ट सर्किट की पहचान के लिए थर्मोग्राफिक परीक्षण करें।
- **फायर ड्रिल्स और प्रशिक्षण** कर्मचारियों की तैयारीः नियमित फायर ड्रिल्स से कर्मचारियों को आपात स्थितियों में सही प्रतिक्रिया देने का प्रशिक्षण मिलता है।

### रोकथाम ही सबसे बड़ा सुरक्षा उपाय

बीमा वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है, लेकिन आग की घटनाओं को रोकने के लिए सक्रिय उपाय करना अधिक महत्त्वपूर्ण है। नियमित जोखिम आकलन, सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन और कर्मचारियों की प्रशिक्षण से आग की घटनाओं को रोका जा सकता है।

### क्लेम सेटलमेंट में तकनीकी विशेषज्ञों की भूमिका-

बीमा क्लेम प्रक्रिया जटिल हो सकती है। सही दस्तावेजीकरण और प्रक्रिया के लिए तकनीकी विशेषज्ञों की सहायता लेना फायदेमंद होता है। बीमा ब्रो जैसी कम्पनियाँ आपको सटीक क्लेम डॉक्यूमेंटेशन में मदद करती हैं, जिससे क्लेम तेजी से और सही ढंग से सेटल होगा।

पॉलिसी संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए इस नंबर पर संपर्क करे Email raghav@bimabro.com | Tel : 78382 88040



# जे. हेम्पस्टेड की मुम्बई कॉन्फ्रेंस को मिला अच्छा प्रतिसाद





## मुम्बई के व्यापारियों ने कराई जमकर बुकिंग

**मुम्बई**/ मेन्स वियर फैब्रिक एवं अपेरल के प्रतिष्ठित ब्राण्ड जे. हेम्पस्टेड द्वारा समर सीजन की अंतिम कॉन्फ्रेंस मुम्बई के पाँच सितारा सहारा स्टार होटल में एक दिवसीय कॉन्फ्रेंस 17 फरवरी 2025 को जहाँ जे. हेम्पस्टेड के वाइस प्रेसिडेंट श्री विजय जैन, जोनल मैनेजर श्री नवल गुप्ता सहित मुम्बई के सभी प्रतिष्ठित व्यापारियों ने शिरकत करते हुए दीप प्रज्वलित कर कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ किया।

**शानदार प्रॉडक्ट रेंज** - इस कॉन्फ्रेंस के दौरान कम्पनी द्वारा सीजन के उत्पादो का विशाल कलेक्शन डिस्प्ले किया गया, जिसमें रेग्युलर क्वालिटियों के साथ-साथ सूटिंग-शर्टिंग के नए प्लेन कलर्स की शृंखला, चैक्स एण्ड स्ट्राइप्स, डोबीज एवं स्ट्रेच फैब्रिक के शानदार डिजाइंस अद्भुत कलेक्शन के साथ पेश की गई। श्री नवल गुप्ता ने बताया कि कम्पनी द्वारा उत्पादित पोलीवूल उत्पादों में 4 वे लाइक्रा, ब्लेक कलर की रेंज, टीआर फैब्रिक, कॉटन, शर्टिंग फैब्रिक में टेंसील, मोडाल, 100 प्रतिशत कॉटन शर्टिंग एग्जॉटिक कुर्ता कलेक्शन, मलवरी मिल्स, ब्लैंडेड फैब्रिक एवं लिनन ब्लैंडेड शर्टिंग कलेक्शन को शानदार रिस्पॉन्स मिला।

**अच्छी बुकिंग-** इस एक दिवसीय कॉन्फ्रेंस के दौरान मुम्बई से पधारे व्यापारियों ने कम्पनी की रेंज देखकर मंत्र-मुग्ध हो गए। उन्होंने जे. हेम्पस्टेड के सभी उत्पादों की जमकर सराहना की एवं बढ़-चढ़कर बुकिंग भी कराई। जे. हेम्पस्टेड के वाइस प्रेसिडेंट श्री विजय जैन ने सभी व्यापारियों का स्वागत करते हुए धन्यवाद दिया कि इस सीजन की अंतिम कॉन्फ्रेंस में भी व्यापारियों ने जे. हेम्पस्टेड के सभी उत्पादों की जमकर बुकिंग कराई। आप सभी व्यापारियों का निरंतर कम्पनी के साथ जुड़ना बड़े गर्व की बात है। आगे आने वाले सीजन के लिए हम और भी अनेक डिजाइंस का नया कलेक्शन आज सभी के सामने प्रस्तुत करने वाले हैं।

J.HAMPSTEAD
WORLD'S FINEST FABRIC & APPAREL






because textiles are the pride of Ahmedabad

11th – 14th MAY, 2025

HELIPAD GROUND, GANDHINAGAR, GUJARAT

FABEXA® AHMEDABAD
FABRIC SOURCING EXPO
EDITION X

GIVE YOUR TEXTILE BUSINESS THE X FACTOR

PARTICIPATE
LEARN
NETWORK

TECHXTILE
INNOVATIVE . COLLABORATIVE . VERSATILE

ido-graph

SCAN TO REGISTER

fabexa.in | info@fabexa.in

FOR REGISTRATION
98250 50993

ORGANISED BY:
MASKATI CLOTH MARKET MAHAJAN,
NEW CLOTH MARKET, AHMEDABAD

Maskati Cloth Market Mahajan Ahmedabad
Since - 1906

# डोनियर ग्रुप द्वारा श्री गुलशन अरोड़ा (गुल्लू जी) को हार्दिक श्रद्धांजलि



श्री गुलशन अरोड़ा (गुल्लू जी) (बीच में) के साथ डोनियर ग्रुप के प्रबन्ध निदेशक एवं सलाहकार श्री राजेन्द्र अग्रवाल (दाएं) एवं कार्यकारी निदेशक श्री अजय अग्रवाल

मुंबई/ श्री गुलशन अरोड़ा (गुल्लू जी) अमृतसर (पंजाब) के एक बहुत प्रतिष्ठित और सम्मानित व्यक्ति थे जिनका हाल शनिवार, 22 फरवरी 2025 को निधन हो गया। वह एक दूरदर्शी, विनम्र और जमीन से जुड़े व्यक्ति थे और वह 50 वर्षों से अधिक समय से कपड़ा व्यवसाय में सक्रिय थे। उन्होंने अपना नेटवर्क उत्तर भारत के सभी राज्यों सहित कश्मीर तक फैलाया है। स्थानीय कपड़ा व्यवसाय में उनके योगदान के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा।

वह एक अद्भुत व्यक्तित्व थे, जिनका स्नेह, दयालुता और मार्गदर्शन कपड़ा और खुदरा उद्योग के अनगिनत लोगों के जीवन का हिस्सा बन गया।

भले ही वह अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी विरासत हम सब के दिलों और यादों में जिंदा है। हम उन्हें हमेशा याद करेंगे और हमारे जीवन पर उनके प्रभाव को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा।

दु:ख की इस घड़ी में हम उनके परिवार के सदस्यों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। गुल्लू जी के निधन की खबर मिलने पर डोनियर ग्रुप ने एक शोक सभा का आयोजन किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी।



कंपनी के प्रबन्ध निदेशक एवं सलाहकार श्री राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि जैसे ही पता लगा कि गुल्लू जी हमारे बीच नहीं रहे, विश्वास ही नहीं हुआ कि वह हमें इतनी जल्दी छोड़कर चले जाएंगे। परंतु ईश्वर की मर्जी के आगे किसी की नहीं चलती। गुल्लू जी से हमारी पहली मुलाकात वर्ष 1994 में हुई थी। स्वयं की बात करूं या व्यावसायिक स्तर पर बात करूं वह दिन और आज का दिन उनका प्यार हमेशा मिलता रहा है। उन्होंने अगर कमिटमेंट कर दिया तो वह उसे पूरा करने में कभी पीछे नहीं हटते थे। हम सब का प्यार कभी उनके लिए काम नहीं हो सकता है उनके परिवार के साथ हम हमेशा खड़े हैं और खड़े रहेंगे। उनकी इस क्षति को कैसे पूरा कर सकेंगे वह हमें सोचना है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उनकी आत्मा को सदगति प्रदान करें।



शोक सभा में श्री अजय अग्रवाल डोनियर ग्रुप के कार्यकारी निदेशक ने कहा कि गुल्लू जी से हमारा स्नेह बड़े भाई की तरह रहा। सुबह जानकारी मिली तो मन स्तब्ध हो गया कि गुल्लू जी हमारे बीच नहीं रहे। उनके कार्य करने की क्षमता का कोई मुकाबला नहीं था वह हमेशा टीम वर्क में पर से कार्य करते थे और उनसे काफी चीज हमें सीखने को मिली है। मेरी निजी जीवन की बात करूं तो गुल्लू जी से जब भी मिलता था उनसे कुछ ना कुछ सीखने को हमेशा मिला है। उन्होंने डोनियर परिवार को हमेशा आगे रखा और अपना स्नेह बनाए रखा। ईश्वर से प्रार्थना है कि गुल्लू जी को मोक्ष प्रदान करें और अपने श्री चरणों में स्थान दें।




श्री. गुलशन अरोड़ा (गुल्लू जी)

## हार्दिक श्रद्धांजलि

एक प्रेरणा, एक दूरदर्शी, एक मार्गदर्शक

हम **श्री. गुलशन अरोड़ा (गुल्लू जी)** को अपनी हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। गुल्लू जी का अमूल्य योगदान **डोनियर ग्रुप** में हमेशा याद रखा जाएगा। भले ही वह अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी विरासत हमारे दिलों और यादों में जिंदा है।

कपड़ा उद्योग के प्रति उनका समर्पण, विशेषज्ञता और अटूट जुनून हमें प्रेरित करेगा। हमारे व्यवसाय और जीवन पर उनके प्रभाव को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा।

आप हमारे दिलों और विचारों में सदैव जीवित रहेंगे।
आपकी पवित्र आत्मा को शांति मिले।

**श्री अजय अग्रवाल**
कार्यकारी निदेशक

**श्री राजेंद्र अग्रवाल**
प्रबंध निदेशक एवं सलाहकार

DONEAR® GROUP

# कॉटन एवं सिंथेटिक फैब्रिक्स से बने हल्के गारमेंट की मांग में उछाल

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय**

गारमेंट में रिटेल मांग अपेक्षानुसार नहीं है। समर सीजन, ईद एवं त्योहारी ग्राहकी में तेजी आने की संभावना है। जेंट्स, किड्स, एथनिक तथा पार्टी वियर गारमेंट में थोड़ी बहुत ग्राहकी है। होजरी गारमेंट की मांग पूरी तरह से खुली नहीं है। समर के माल का खुदरा व्यापारियों ने स्टॉक करना शुरू कर दिया है। मौसम बदलते ही देसावरों की मांग निकलने की आशा है। मुम्बई के दूर-दराज क्षेत्र के खुदरा व्यापारियों की फैंसी और गरमी के गारमेंट में थोड़ी पूछताछ निकली है, परंतु इस सीजन में गारमेंट में जैसा कारोबार होना चाहिए, वैसा अभी नहीं हो रहा है। कॉटन एवं सिंथेटिक फैब्रिक्स से बने हल्के गारमेंट की मांग में उछाल संभव है। मुम्बई की गारमेंट इकाइयों में उत्पादन 70 से 75 प्रतिशत की क्षमता पर हो रहा है। जब तक स्थानीय स्तर पर ग्राहकी में अपेक्षित सुधार नहीं होता है, तब तक गारमेंट इकाइयों में उत्पादन इसी तरह बने रहने की उम्मीद की जा रही है। खुदरा ग्राहकी में जोर नहीं है, इसलिए गारमेंट कपड़ों की मांग सुधरने की उम्मीद है। सीएमएआई का फेब शो 21-23 अप्रैल 2025 को मुम्बई-गोरेगांव के बॉम्बे एग्जीबिशन सेंटर में आयोजित किया जा रहा है।

इसमें करीब 250 से अधिक स्टॉल होंगे। उसके बाद नॉर्थ इंडिया गारमेंट फेयर का आयोजन नई दिल्ली में 27-29 मई के बीच यशोभूमि में होने जा रहा है। गारमेंट की खपत बढ़ने के साथ क्षेत्रीय स्तर पर उत्पादन भी बढ़ रहा है। फिर भी कुछ वैरायटी ऐसी है, जिसमें क्षेत्र विशेष का आधिपत्य अभी-भी बना हुआ है।

ऐसे में गारमेंट कारखानों में मीडियम रेंज के पुरूष और महिला सेगमेंट गारमेंट का उत्पादन किफायती मूल्य और उनकी जरूरतों को ध्यान में रखकर किया जाता है। ऐसे गारमेंट की मांग ऊँचे मूल्य के गारमेण्ट की तुलना में बड़ी तेजी से बढ़ रहा है। गर्मी के लिए महिलाओं के लिए कॉटन एवं लिनन कुर्ते, टॉप, कॉटन ट्राउजर्स इत्यादि शामिल है, वहीं पुरूष सेगमेंट के लिए कॉटन शर्ट एवं मीडियम रेंज के सिंथेटिक ट्राउजर्स शामिल है। ट्रम्प सरकार के टैरिफ वॉर के कारण वैश्विक व्यापार के प्रवाह को धक्का लगा है। बड़े रिटेल चैन की उलझने बढ़नी शुरू हो गई है। चीन पर अमेरिका के टैरिफ बढ़ाने अथवा बांग्लादेश में फैली अशांति के कारण भारत में गारमेंट की निर्यात मांग में वृद्धि होने की उम्मीद की जा रही थी, वैसी वृद्धि नहीं हुई है। फिर भी अप्रैल से जनवरी 2024-25 के दौरान भारत से गारमेंट का निर्यात 11.5 प्रतिशत बढ़कर 13 अरब डॉलर पहुँच गया है। जानकारों का कहना है कि थोड़े आंशिक अवरोध को छोड़ दे तो भारत से अप्रैल से कॉटन एवं सिंथेटिक गारमेंट का निर्यात कामकाज और बढ़ने की संभावना है।

# लगन और त्यौंहार में व्यापारियों की मौज

**मुजफ्फरनगर / अजय कुमार सिंघल**

मुजफ्फरनगर, मेरठ, सहारनपुर सहित पश्चिमी उत्तरप्रदेश की सभी प्रमुख कपड़ा मार्केट्स में आलोच्य अवधि एवं इस समय होली, ईद एवं लगन सावा मुहूर्त की बिक्री जोरों शोरों से चल रही है। दोनों प्रमुख समुदायों के प्रमुख त्यौंहार, साथ ही लगन सावा मुहूर्त इस शुभ त्रिवेणी की जबरदस्त ग्राहकी में अब कपड़ा व्यापारी भरपूर स्नान कर रहा है। सूटिंग शर्टिंग, लेडीज सूट, साड़ी, हैंडलूम, रेडीमेड कपड़े प्रत्येक सेगमेंट में अच्छी खासी ग्राहकी है। फिर भी ग्राहक को लुभाए रखने के लिए अच्छी, नई वैरायटी, नए डिजाइन, उचित दाम, मृदु व्यवहार आवश्यक है, जहां इन तीनों खूबियों की त्रिवेणी, वहां अच्छा ग्राहक है।

अभी कुछ समय पहले सर्दियों का सीजन समाप्त हुआ है, अब ग्रीष्म ऋतु के लिए कॉटन फैंसी परिधानों की डिमांड है।

मुजफ्फरनगर के सुप्रसिद्ध प्रतिष्ठित व्यापारी सर्व श्री विनोद डाबर, सुरेश, नीरज, संजीव गोयल, सुदर्शन खरबंदा, राजेश ग्रोवर, अमित सिंघल, आशीष सिंगल, घनश्याम पालीवाल, वैभव खन्ना, पवन बत्रा, लक्ष्मण रस्तोगी, सुशील छाबड़ा, अशोक छाबड़ा, पंकज गर्ग, इन्द्र सुनेजा, आदि के अनुसार आने वाला समय अच्छा है।

# रूई का वैश्विक उत्पादन एवं मांग बढ़ने का अनुमान

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय**

रूई की हाजिर मांग में बहुत अधिक सुधार नहीं होने के साथ घट रही आवक के बीच साउथ की स्पिनिंग मिलों के सपोर्ट से भाव में स्थिरता है। दक्षिण भारत में कपड़ा उद्योग की मजबूत मांग और इन मिलों के पास भरपूर निर्यात ऑर्डर होने से स्पिनिंग मिलों की लेवाली रहने से रूई की गिरावट रूकी हुई है। देश में रूई की खपत अनुमान बढ़ाकर 315 लाख गांठ कर दिया गया है। स्थानीय मांग का ही नहीं, अपितु वैश्विक फंडामेंटल का भी बाजार के सेंटीमेंट पर असर देखा जा रहा है। कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने भारत एवं अमेरिकी कृषि मंत्रालय ने वर्ष 2024-25 का वर्षांत स्टॉक बढ़ने की आगाही की है। रूई का वैश्विक उत्पादन एवं मांग बढ़ने का अनुमान है। अमेरिकी कृषि विभाग की हाल ही रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन में रूई उत्पादन बढ़ने के कारण वैश्विक उत्पादन बढ़ेगा। बांग्लादेश, पाकिस्तान और वियतनाम में रूई की खपत बढ़ने से वैश्विक मांग बढ़ेगी, वहीं भारत और अमेरिका में रूई की खपत में कुछ घट सकती है। इन रिपोर्ट के विरूद्ध देश में रूई की खपत का अनुमान कुछ बढ़ा हुआ है। रूई के निर्यात की संभावना धुंधली नजर आ रही है, जबकि कुल वैश्विक उत्पादन में भारत का हिस्सा 22 प्रतिशत तक है। वैश्विक बाजार के नरम रूख के कारण निर्यात में कामकाज कम होने की संभावना है। स्पिनिंग मिलों की रूई खरीदी अपनी जरूरतों के अनुसार सीमित है। यद्यपि अभी की स्थितियों में रूई के भाव पर दबाव है, तथापि भाव अधिक घटने की संभावना कम है। रूई का भाव 53000 से 54000 रू की रेंज में रहने का अनुमान है। यह भी सच है कि बाजार में रूई की आवक लगातार घट रही है। पहले दैनिक आवक 2.5 लाख गांठ थी, जो अब घटकर 1.75 लाख गांठ हो गई है। महाराष्ट्र और गुजरात में रूई की आवक जारी है, वहीं आंध्रप्रदेश और तेलंगाना में आवक बहुत कम है। कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने 30 सितम्बर 2025 को समाप्त होने वाले मौजूदा सीजन में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 100 लाख गांठ से अधिक कपास की खरीदी कर सकता है। सीसीआई ने अक्टूबर 2024 से अब तक करीब 88 लाख गांठ की खरीदी की है।

सीसीआई अभी-भी पूरी तरह से सक्रिय है। जब तक किसान अपनी उपज सीसीआई को बेचना चाहते है, तब तक खरीदी जारी रहने का अनुमान है। सीसीआई के पास रूई का जो स्टॉक है, उसे बेचने के बारे में जल्द निर्णय लिया जा सकता है। आगामी मार्च माह में संभवतः रूई की बिक्री शुरू की जा सकती है। फिलहाल, बाजार में अपेक्षित सपोर्ट का अभाव है, जबकि दूसरी ओर सीसीआई के पास रूई का भारी भरकम स्टॉक है। वहीं रूई के भाव में बहुत अधिक उछाल या गिरावट की संभावना भी कम है। यदि किसी कारण सुधार होता भी है, तो भाव प्रति खंडी 54000 रू तक पहुँचने के आसार नजर आ रहे हैं।





हार्दिक श्रद्धाञ्जलि

एक अध्याय का अंत

श्री गुलशन अरोड़ा (गुल्लू भाई)
जैसी शख्सियत को व्यक्ति कभी भूल नहीं सकता।
टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है।

सफल व्यवसायी के अलावा उनमें कई गुण रहे बहुत ही ज्यादा अनुशासित, कुशल नेतृत्व, सकारात्मक सोच, दूर दृष्टि, दूसरों के किसी भी काम को पूरा करने की ललक, उनके व्यक्तित्व में उच्च स्तर का रंग भरती थी। उनके आदर्श हमारे लिए हमेशा एक प्रेरणा स्रोत रहेंगे।

भगवान उनकी दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें सम्पूर्ण टिबरेवाल परिवार (Qmax World) हार्दिक श्रद्धाञ्जलि अर्पित करते हुए इस दुःख की घड़ी में अरोड़ा परिवार के साथ है।



श्री गुलशन अरोड़ा
(गुल्लू भाई)

सुनील टिबरेवाल (चेयरमेन) | अंकित टिबरेवाल (डायरेक्टर)

Qmax WORLD®
SUNIL TIBREWAL GROUP COMPANY

A COMPLETE HOUSE OF PREMIUM DESIGNER UNIFORM FABRICS

Renlon®
Uniforms & Suitings

spunshades
by Birla Cellulose

# FADE-RESISTANT UNIFORM FABRICS WITH COLOUR-LOCK TECHNOLOGY



- No Colour Loss On Laundering
- Day Long Supreme Comfort For School Children
- Extensive Colour Range In Thousands Of Designs
- Uniform Shades Batch After Batch
- Eco Friendly Fibers That Promote Greener Environment

A Brand Owned By

## VIKAS SYNTEX PRIVATE LIMITED

MADE IN INDIA. MADE FOR INDIA

EMAIL : vikas_syntex@yahoo.co.in, WEBSITE : www.vikassyntex.com

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

## बेस्ट चॉइस फॉर ऑल टाइप यूनिफॉर्म्स

# बजाज सुल्ज

### यूनिफॉर्म सेक्टर के लिए कम्पलीट सोल्यूशन


श्री गजानंद बजाज

**भीलवाड़ा /** जब वस्त्र नगरी में यूनिफॉर्म फैब्रिक उत्पादकों की बात की जाए तो ''बजाज सुल्ज'' ब्राण्ड का नाम सर्वप्रथम जेहन में आता है। वर्षों पहले मशहूर उद्यमी श्री गजानंद बजाज ने **श्री बजाज सूटिंग्स प्रा. लि.** की स्थापना कर 'बजाज सुल्ज' ब्राण्डनेम से चैक्स यूनिफॉर्म फैब्रिक्स का उत्पादन शुरू किया था। एक कुशल उद्यमी का परिचय देते हुए श्री बजाज ने ईमानदारी एवं लगन से काम करते हुए चैक्स यूनिफॉर्म फैब्रिक उत्पादन में भीलवाड़ा को अलग ही पहचान दिलाई तथा 'बजाज सुल्ज' के रूप में यूनिफॉर्म सेक्टर को एक परफेक्ट यूनिफॉर्म फैब्रिक ब्राण्ड मिल गया। यूनिफॉर्म फैब्रिक उत्पादन में इनकी अनुकरणीय सफलता का परिणाम आज पूरे भीलवाड़ा में चैक्स यूनिफॉर्म के बड़े उत्पादन के रूप में हम सबके सामने है।

श्री बजाज की सफलतम व्यावसायिक यात्रा में इनके सुपुत्र श्री गिरिराज बजाज एवं श्री नवनीत बजाज का भी अहम् योगदान है। इन दोनों युवा उद्यमियों ने मेहनत, लगन एवं ईमानदारी से काम करते हुए यूनिफॉर्म सेक्टर के लिए सभी तरह के यूनिफॉर्म फैब्रिक उत्पादन का लक्ष्य अर्जित किया है। इनकी युवा सोच एवं क्रिएटिविटी की बदौलत 'बजाज सुल्ज' ब्राण्ड आज ऑल टाइप यूनिफॉर्म फैब्रिक्स का डेस्टीनेशन बन चुका है।

### मोस्ट पॉपुलर यूनिफॉर्म फैब्रिक रेंज

बजाज सूटिंग्स प्रा.लि. द्वारा 'बजाज सुल्ज' ब्राण्ड के तहत फाइबर डाइड ट्राविन (56''- 58''), ताशा- यार्न डाइड एवं पीस डाइड, सर्ज फैब्रिक्स, सर्जेन्ट वूल, वर्स्टेड, ट्विड चैक्स, यार्न डाइड चैक्स-ट्विल एंव प्लेन वीव आदि मोस्ट पोपुलर रेंज बना रही है। इनके अलावा कम्पनी 36'', 44'' एवं 58'' पन्ने में पीवी तथा 45×45 पीसी में शर्टिंग फैब्रिक्स का उत्पादन भी बड़े पैमाने पर कर रही है।



### ऑल टाइप यूनिफॉर्म फैब्रिक्स स्पेशलिस्ट

श्री बजाज सूटिंग्स प्रा. लि. के डायरेक्टर श्री गिरीराज बजाज एवं श्री नवनीत बजाज के अनुसार कम्पनी शुरू से ही क्वालिटी फैब्रिक्स उत्पादन को महत्त्व देती आई है, साथ ही प्रतिदिन उपयोग में आनी वाली यूनिफॉर्म के कपड़े को अच्छा बनाने के लिए नित नये डवलपमेण्ट करने की हिमायती रही है। श्री बजाज के अनुसार कम्पनी 'बजाज सुल्ज' ब्राण्ड के तहत चैक्स, लाइनिंग, स्ट्राइप्स यूनिफॉर्म में 4 हजार से अधिक डिजाइंस का विशाल कलेक्शन हमेशा मौजूद रहता है, वहीं कम्पनी यार्न डाइड एवं पीस डाइड यूनिफॉर्म में 2/30×2/30 सुपर ट्रोविन जैसी वैरायटीज में भरपूर कलर रेंज का उत्पादन कर रही है। इसके अलावा कम्पनी यूनिफॉर्म सेक्टर के लिए 2/60 पीवी शर्टिंग, स्पन शर्टिंग, पीसी व्हाइट शर्टिंग, चैक्स शर्टिंग, शैमरे, फिलाफिल आदि शर्टिंग फैब्रिक्स का उत्पादन भी बड़े पैमाने पर कर रही है। कम्पनी द्वारा 'बजाज सुल्ज' ब्राण्ड के तहत स्कूल यूनिफॉर्म के लिए विशालतम रेंज का उत्पादन किया जा रहा है वहीं कॉलेज, इंस्टीट्यूशंस, सिक्योरिटी, होटल्स, पुलिस, आर्मी, हाउस यूनिफॉर्म, ऑफिस यूनिफॉर्म, नेवी, एयरफोर्स, एविएशन, हॉस्पिटल सहित कॉर्पोरेट सेक्टर के लिए प्रीमियम यूनिफॉर्म फैब्रिक्स की आपूर्ति कर रही है।

### ऑल इण्डिया सेल्स नेटवर्क

श्री बजाज सूटिंग्स प्रा. लि. का ऑल इण्डिया लेवल पर सशक्त सेल्स नेटवर्क स्थापित है। कम्पनी देश के सभी क्षेत्रों में एक ही पॉलिसी के तहत यूनिफॉर्म फैब्रिक्स की आपूर्ति कर रही है। यह परफेक्ट यूनिफॉर्म फैब्रिक ब्राण्ड इमेज के साथ कम्पनी बेस्ट क्वालिटी यूनिफॉर्म फैब्रिक उपलब्ध कराने के संकल्प पर कायम है।






## बेस्ट क्वालिटी यूनिफॉर्म फैब्रिक ब्राण्ड

# SOLAR SUITINGS


श्री अशोक कुमार झंवर

**भीलवाड़ा/ वर्ष 1988 से टेक्सटाइल क्षेत्र में कार्यरत कम्पनी 'सोलर सिंथेटिक्स प्रा. लि. SOLAR SUITINGS ब्राण्डनेम से उम्दा क्वालिटी यूनिफॉर्म फैब्रिक्स एवं फैंसी पीवी सूटिंग्स का उत्पादन बड़े पैमाने पर कर रही है। 2/18 मेटी, ट्रोविन, ताशा, टसर जैसी समस्त यूनिफॉर्म फैब्रिक्स वैरायटीज में कम्पनी फुल कलर रेंज का भरपूर उत्पादन ले रही है। कम्पनी के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री अशोक कुमार झंवर ने बताया कि कम्पनी यूनिफॉर्म सेक्टर के लिए शुरूआती दौर से ही प्रीमियम कपड़ा व्यापक स्तर पर उत्पादित करती आ रही है। यूनिफॉर्म के कपड़े को बेहतर एवं खास बनाने के लिए कम्पनी क्वालिटी एवं गुणवत्ता स्तर से कभी समझौता नहीं करती है। कपड़े में कलर एवं क्वालिटी का संयोजन बनाये रखते हुए उम्दा फैब्रिक उत्पादन कम्पनी की प्राथमिकता में रहा है।**

### यूनिफॉर्म फैब्रिक रेंज

SOLAR SUITINGS ब्राण्ड के तहत कम्पनी स्कूल, कॉलेज, इंस्टीट्यूटस, इंडस्ट्रियल, कॉर्पोरेट आदि सेक्टर के लिए बेहतरीन यूनिफॉर्म फैब्रिक्स का उत्पादन कर रही है। श्री झंवर के अनुसार यार्न डाइड एवं पीस डाइड ट्रोविन में स्कूल टाइम एवं स्कूल बॉय रेंज में 50-60 कलर्स तथा ताशा एवं 2/18 मेटी में कम्पनी व्यापक कलर रेंज का सालभर उत्पादन करती है। इन सभी क्वालिटीज में भरपूर स्टॉक मेंटेन किया जाता है। कम्पनी द्वारा यूनिफॉर्म के लिए ट्विल फैब्रिक्स भी निर्मित किया जा रहा है, जिसमें 30 से अधिक कलर्स का समावेश है। चैक्स एवं डिजाइनर यूनिफॉर्म फैब्रिक्स भी कम्पनी द्वारा ऑर्डर के अनुसार सप्लाई किया जाता है।

### ग्राहक संतुष्टि के लिए समर्पित

फैंसी सूटिंग एवं यूनिफार्म फैब्रिक्स में उम्दा फैब्रिक्स उत्पादन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर मशहूर SOLAR SUITINGS ने हमेशा ग्राहक संतुष्टि को सर्वोपरि मानते हुए व्यवसाय किया है। देश भर में फैले अपने अमूल्य ग्राहकों से कम्पनी त्वरित सेवाओं के जरिए जुड़ाव बनाये रखती है, वहीं ग्राहक व्यापारियों के साथ कम्पनी के मजबूत व्यावसायिक संबंध स्थापित हैं। कपड़े की शानदार क्वालिटी एवं गुणवत्ता के चलते SOLAR SUITINGS को पूरे भारत में यूनिफॉर्म सेक्टर द्वारा श्रेष्ठ सप्लायर के तौर पर चुना जाता है।







# SPECIALIST IN CHECKS UNIFORM FABRICS

..Sketcher's
UNIFORM

the Uniform SPECIALISTS

THE STYLE YOU WANT
THE QUALITY YOU EXPECT
AT THE PRICE YOU LOVE



SCHOOL
COLLEGE
HOTEL
HOSPITAL

CORPORATE
SECURITY
WORK WEAR
BED SHEETS



Manufacturer of: Yarn Dyed Checks Stripes, Lining Uniform Fabrics, Huge Variety in Plain & Designer Uniform Fabrics, PV Denim Fabrics in 20 Colours, Spun Shirting 36" etc.

Product By
SEEMA SYNTHETICS

FACTORY & OFFICE: G-1-98, 4th Phase Riico Ind. Area, Bhilwara (Raj.)
Mob. 98285-93502, 95091-84301, Email : seemasynthetics80@gmail.com

# TRUE COLOR™

**UNIFORMS & SPECIALITY FABRICS**

*Quality in everything we do*

**FADE RESISTANT FABRICS**

Our Fabrics are made from fine Quality Blended Yarn combed with Superior fibers to give it long lasting colour fastness compared to normal fabrics

**ANTI PILLING FABRICS**

Our fabrics pass through strongest singeing process added with anti-pilling agents that removes all the unwanted fibres from the fabric surface giving it a longer life with no-bubbling at garmenting stage

**DARKEST TONE SHADES**

We use the best quality yarn sourced from reputed spinning mills to give our fabrics the darkest colour tone and glazing



SCHOOL CHECKS | STRIPES | PLAINS | TWILLS | GABERDINES

A PREMIUM BRAND OWNED BY

**INNOVATIVE INDUSTRIES PRIVATE LIMITED**

Regd Off: 1, Laxmi Market, L N T Road, Bhilwara (Raj.) INDIA

Manufacturing Plant: G-403-404, RIICO Growth Center, Hamirgarh, Bhilwara (Raj.) INDIA

Contact: 01482-230922, Mob.: +91 97721-40000

www.truecoloruniforms.com truecoloruniforms@gmail.com Follow us:


सेन्ट्रो
The Best Value of
Your Money...
School Uniform's By
Santro®
EXCLUSIVE SUITINGS
स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
CERTIFICATION
ISO
9001:2015
MAKE IN INDIA
SUVIDHI RAYONS (P) LTD.
D-1 To D-14, BTP Developers, Near RIICO 3rd Phase, Biliya Khurd, Bhilwara- 311001, Ph. 94140-48456, 93515-22252, Email: santrosuitings@yahoo.co.in
Mills-1:- E-192, RIICO, 3rd Phase, Bhilwara-311 001, Ph. 01482-260456 | Ware House:- D-1 To D-14, RIICO 3rd Phase, Bhilwara-311 001, Mob. 94141-13332
Branch Office:- 9, Chitturi Complex, Pulipativari Street, VIJAYAWADA- 520001


Qmax WORLD®
SUNIL TIBREWAL GROUP COMPANY
# No. 1 Uniform Fabric Manufacturers
PRODUCTION HOUSE
The vibrant textile hub of Bhilwara is now home to our innovative production facility,a major milestone that has been warmly embraced by the market! This exciting development not only underscores our commitment to excellence but also reinforces our position as a leader in the uniform business for over four decades.
QUALITY
We know that comfort and durability are key when it comes to school uniforms, and we are committed to delivering just that. Our team is dedicated to ensuring each fabric meets the highest standards, creating a product that not only looks great but stands up to everyday wear and tear.
Body Friendly
Soft
Durable
QMAX WORLD LLP
MUMBAI | BHILWARA
02522-666666
www.qmaxworld.com

# कम्पनी की शुरूआत के समय से ही यूनिफॉर्म फैब्रिक उत्पादन वेलवर्थ सिंथेटिक्स


श्री प्रेमशंकर झंवर

**भीलवाड़ा**

स्थानीय मण्डी में सूटिंग उत्पादन क्षेत्र में शुरूआती दौर में ही यूनिफॉर्म फैब्रिक का भी उत्पादन वेलवर्थ कम्पनी द्वारा आरम्भ किया गया था, जो वर्तमान में सूटिंग फैब्रिक के साथ यूनिफॉर्म सेगमेंट में देश की तमाम वस्त्र मण्डियों में अपनी महत्त्वपूर्ण भागीदारी बना चुकी है। उल्लेखनीय है कि यूनिफॉर्म सूटिंग की शुरूआत स्थानीय मण्डी में हुई थी तब वेलवर्थ द्वारा प्रारम्भ में श्री गणेश किया गया। जाने माने कपड़ा उद्यमी श्री आर.पी. झँवर पिछले 32 वर्षों से अधिक इस क्षेत्र में बेहतर अनुभव एवं कार्य कौशल से विभिन्न क्वालिटियों में फैब्रिक्स निर्माण में सिद्धहस्त हैं। वेलवर्थ सूटिंग के प्रबन्ध निदेशक श्री प्रेमशंकर झँवर एवं युवा टीम श्री मृदुल झँवर, श्री मित्तुल झँवर के संयुक्त निर्देशन में कम्पनी सूटिंग फैब्रिक के विभिन्न सेगमेंट में क्वालिटियाँ बना रही है, जिसमें यूनिफॉर्म सूटिंग फैब्रिक में भी काफी डवलपमेण्ट के साथ फैंसी सूटिंग में कई क्वालिटियों में उत्पादन कर रहे हैं।

## सेल्स नेटवर्क

कम्पनी अपनी अनुभवी सेल्स टीम एवं मजबूत मार्केटिंग नेटवर्क के साथ देश की कई वस्त्र मण्डियों में माल सप्लाई कर रही है। जिसमें महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, पंजाब, हरियाणा, गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, यूपी, बिहार एवं नोर्थ ईस्ट के कई क्षेत्रों में मजबूत नेटवर्क के साथ माल सप्लाई कर रही है। गौरतलब है कि वेलवर्थ सूटिंग देश में बढ़ते औद्योगिक डवलपमेण्ट एवं निजीकरण के तहत इको फ्रेण्डली फैब्रिक उत्पादन में विशिष्ट पहचान रखती है।

## वीविंग

फैब्रिक निर्माण के लिए स्वयं का वीविंग प्लांट स्थापित है, जिसमें लेटेस्ट तकनीक की सल्जर, डोनियर एवं हाईस्पीड लूम के तहत रेपीयर मशीनें स्थापित हैं।

## क्वालिटी काउंट्स

कम्पनी यूनिफॉर्म फैब्रिक निर्माण में 2/18 By 2/18, 2/30 By 2/30, 2/24 By 2/24, 2/30 By 1502 पीवी इत्यादि काउंट में यूनिफॉर्म फैब्रिक का उत्पादन किया जा रहा है। कम्पनी वर्षभर पीस डाइड एवं फाइबर डाइड में विभिन्न कलर रेंज में माल उत्पादन कर रही है। इसके अलावा चैक्स सूटिंग एवं APC आधारित पार्टी डिमाण्डके अनुसार भी वर्षभर माल तैयार करती है।

**कम्पनी पिछले वर्ष से फैंसी सूटिंग में काफी वैरायटियों में फैब्रिक उत्पादन कर रही है,** जिसको बाजार में बेहतर समर्थन प्राप्त हो रहा है। गौरतलब है कि कम्पनी वर्षभर यूनिफॉर्म फैब्रिक सप्लाई में सक्षम है और प्लेन एवं चैक्स के अन्तर्गत लगभग 200-250 डिजाइंस एवं कलर रेंज में माल तैयार करती है। यूनिफॉर्म विभिन्न सेक्टर के लिए उपयोग होने वाली में कॉर्पोरेट सेक्टर, इण्डस्ट्रीज, इंस्टीट्यूट, स्कूल, सिक्योरिटी, होटल, हॉस्पिटल के साथ विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में सप्लाई शामिल है।


Welworth® SUITINGS

SINCE 30 YEAR

SCHOOL
COLLEGES
HOTELS
HOSPITALS
SECURITY
CORPORATE
POLICE
ARMY
ETC.

All Types of Uniforms Fabrics Manufacturers

Power of Uniform

Welworth Synthetics | Email: welworthsynthetic@gmail.com


# यूनिफॉर्म फैब्रिक में उम्दा क्वालिटी एवं वर्षभर खरीदी का प्रमुख केन्द्र आदर्श प्रीमियम सल्ज

**भीलवाड़ा/ स्थानीय टेक्सटाइल इण्डस्ट्री में प्रतिष्ठित कम्पनी आदर्श सिन्थेटिक्स प्रा.लि. यूनिफॉर्म फैब्रिक उत्पादन में विभिन्न कलर रेंज एवं डिजाइन्स की उम्दा क्वालिटियों के लिये विशेष पहचान स्थापित कर चुकी है। कम्पनी के फाउन्डर श्री गोपाल झंवर ने अपनी मेहनत एवं अनुभव से सन् 1987 में इस क्षेत्र में शुभारम्भ किया गया था।**

## यूनिफॉर्म उत्पाद

कम्पनी की कार्यशैली एवं प्रॉडक्ट के बारे में श्री गोपाल झंवर ने बताया कि यूनिफॉर्म फैब्रिक की श्रेष्ठ क्वालिटियों में उत्पादन करना हमारा प्रमुख ध्येय है। वर्तमान में यूनिफॉर्म फैब्रिक के अन्तर्गत 2/18 मेटी, 2/30 डाइड, ट्रोविन, ट्विल, गेवेडीन एवं टसर इत्यादि क्वालिटियों में विभिन्न कलर रेंज एवं डिजाइन्स में माल वर्षभर आपूर्ति में सक्षम हैं। कम्पनी में प्रत्येक समय रेडी में स्टॉक विभिन्न कलर चार्ट तैयार रहता है। इसके अलावा पुलिस खाकी रेंज में 2/18 मेटी एवं 2/30 ट्रोविन में विशाल रेंज उपलब्ध रहती है। कम्पनी APC आधारित माल तैयार भी करती है और लाइनिंग व मल्टीकलर चेक्स में भी माल तैयार कर रही है।

**प्रमुख ध्येय-** कंपनी की प्रमुख प्राथमिकता अपने सभी डीलर्स एवं कस्टमर्स को अच्छी गुणवत्ता वाली क्वालिटी, सही रेट में, सालभर प्राडक्ट उपलब्ध कराना है।

**न्यू क्रिएशन-** कंपनी बाजार में समय एवं ट्रेंड के अनुसार नये क्रिएशन करती रहती है। इसी क्रम में कंपनी ने अपना REGALIA कैटलॉग लान्च किया है जिसमें आज के समय के हिसाब से यूनिफॉर्म फैब्रिक में नयी डिजाइंस डाली गई है इनमें विशेषतौर पर लाइक्रा क्वालिटीज शामिल है। साथ ही कंपनी ने कॉर्पोरेट यूनिफॉर्म में काम आने वाली शर्टिंग क्वालिटीज में भी डवलपमेंट किया है जिसमें PC Fil-a-fil, 2/60 pv chembrey और अन्य dobby quality शामिल है।

## वीविंग

कम्पनी के पास स्वयं का वीविंग प्लाण्ट स्थापित है, जिसमें मॉडर्न तकनीक की 84 सल्जर मशीनें स्थापित हैं।

**मैनेजमेण्ट-** श्री गोपाल झंवर के सानिध्य में एक टीम वर्क के अनुसार श्री मधुसुदन झंवर, श्री आदर्श झंवर एवं श्री गोकुलेश झंवर के संयुक्त नेतृत्व एवं अनुभव से कम्पनी सफलता के पथ पर अग्रसर है।

## मार्केटिंग सेल्स एवं वितरण

कम्पनी एजेण्ट एवं डीलर बेस नेटवर्क के आधार पर देश के कई क्षेत्रों में मालों की आपूर्ति करती है। यूनिफॉर्म सेगमेण्ट में स्कूल, कॉरपोरेट, सिक्युरिटी, हॉस्पिटल, कॉलेज, होटल, एयर लाइन्स एवं अन्य इण्डस्ट्रियल सेक्टर में भी माल आपूर्ति कर रही है।






# सूटिंग-शर्टिंग उत्पादन में अग्रणी कम्पनी वर्टेक्स सुल्ज

## यूनिफॉर्म शर्टिंग फैब्रिक में स्पन बाई स्पन एवं पीवी बाई पीवी उत्पादन में विशेष क्रिएशन


श्री बी एल जागेटिया


श्री सुनील जागेटिया

भीलवाड़ा/ स्थानीय वस्त्र मण्डी में टेक्सटाइल क्षेत्र की लम्बे समय से गतिशील कम्पनी वर्टेक्स सुल्ज अपने ब्राण्ड रीयलमेन के अलावा देश के कई ब्राण्ड्स एवं कम्पनियों को माल तैयार करके सप्लाई की जा रही हैं। कम्पनी के संस्थापक एवं डायरेक्टर श्री बी.एल. जागेटिया एवं श्री सुनील जागेटिया इस क्षेत्र में काफी अनुभव रखते हैं एवं टेक्निकल रूप से काफी अपडेट रहते हैं। श्री जागेटिया का रीको औद्योगिक क्षेत्र में स्वयं का वीविंग प्लाण्ट है, जिसमें नवीनतम तकनीक की सल्जर मशीनों द्वारा सूटिंग शर्टिंग फैब्रिक का उत्पादन किया जा रहा है।

## यूनिफॉर्म सेगमेण्ट

श्री जागेटिया द्वारा सूटिंग-शर्टिंग की सभी क्षेत्र में प्रयोग होने वाली यूनिफॉर्म फैब्रिक का निर्माण किया जा रहा है। कम्पनी इस क्षेत्र में स्कूल, कॉलेज, इण्डस्ट्रियल, इंस्टीट्यूट, सिक्योरिटी एवं कॉरपोरेट सेक्टर के लिये यूनिफॉर्म फैब्रिक सप्लाई करती है। इसके अलावा कम्पनी व्यापारियों की डिमाण्ड पर रेडीमेड क्षेत्र के लिये भी अपना उत्पाद सप्लाई करती है। कम्पनी यूनिफॉर्म शर्टिंग का भी निर्माण करती है जिसमें स्पन बाई स्पन शर्टिंग एवं पीवी बाई पीवी शर्टिंग उत्पादन शामिल है। सूटिंग में ड्रिल, डेनिम, फैंसी सूटिंग, डीएमएस एवं स्ट्रक्चर सेगमेण्ट में उत्पादन किया जा रहा है।

## 3BHK With All Ultra Liberty Facility

**रियलस्टेट में उम्दा क्रियशन-** कम्पनी द्वारा रियल स्टेट कार्य के अन्तर्गत भी कार्य किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत माण्डल (शाहपुरा रोड़) पर 62 कॉमर्शियल प्लॉट सेल करने की मेपिंग कर चुकी है।

